
बीजापुर और कांकेर जिले में फोर्स ने माओवादियों को घेरा, मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद

बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद

नक्सलियों पर बड़ा प्रहार 30 का संहार


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



माओवाद पर सबसे बड़ा प्रहार, मारे गए 31 नक्सली, दो जवान भी शहीद

## एंटी नक्सल ऑपरेशन में मारे गए नक्सलियों पर 1.72 करोड़ का था ईनाम




हथियारों की चार फैक्टियां

**16 महिला समेत 31 वर्दीधारी नक्सलियों को किया गया ढेर**

डीजीपी ने बताया कि खूफिया इनपुट के बाद सटीक ऑपरेशन की योजना तैयार कर 21 अप्रैल को ऑपरेशन लांच किया गया, जो 11 मई तक चला। 21 अप्रैल को जवानों द्वारा कर्रेगुट्टा हिल्स की घेराबंदी शुरू की गई थी। इस दौरान नक्सलियों के साथ 21 मुठभेड़ों में 16 महिला समेत कुल 31 वर्दीधारी माओवादियों के शव और 35 हथियार बरामद किए गए। मारे गए नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 01, तेलंगाना राज्य समिति व दंडकारण्य विशेष जोनल समिति सदस्य हैं। शवों की विस्तृत पहचान प्रक्रिया जारी है। लगातार 21 दिनों तक चलने वाले ▶▶|शेष पेज 7 पर

# 21 दिन, 21 मुठभेड़ और मार गिराए 31 नक्सली, पहाड़ियों पर मिली 250 गुफाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े 21 दिन चले एंटी नक्सल ऑपरेशन में जवानों ने 1.72 करोड़ के 31 नक्सलियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों के जवानों ने 450 आईईडी निष्क्रिय करते हुए केजीएच हिल्स पहुंचे तथा 4 हथियार फैक्ट्री व 250 गुफा को ध्वस्त कर दिया। जवानों ने मारे गए नक्सलियों के शवों के अलावा सैकड़ों की संख्या में हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किए।प्रेसवार्ता में डीजीपी सीआरपीएफ अभय प्रताप, छग ▶▶|शेष पेज 7 पर






**18 जवान घायल**

डीजीपी ने बताया कि अभियान के दौरान 216 माओवादी ठिकाने व बंकर नष्ट किए गए। इन बंकरों व नक्सल ठिकानों की तलाशी के दौरान 450 आईईडी, 818 बीजीएल सेल, 899 बंडल कार्डेक्स, डेटोनेटर एवं भारी मात्रा में विस्फोटक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सुरक्षा बलों की यह सफलता बताती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति की स्थापना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### शाह बोले- ऐतिहासिक सफलता



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने मात्र 21 दिनों में पूरा किया। पूरे देश को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं।

### आतंक की जड़ों से प्रहार : साय



सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में हमारे अर्धसैनिक बल व डीआरजी के जवानों को मिली यह सफलता माओवाद की जड़ों पर प्रहार है। हम निश्चित ही मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने में सफल होंगे।

---

विवादित बयान देकर घिरे मप्र के मंत्री, हो सकता है इस्तीफा

# कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी, मंत्री पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/जबलपुर

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के विवादित बयान को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 4 घंटे के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। उनके खिलाफ महू के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। जस्टिस अतुल श्रीधरन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि विजय शाह पर तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। अदालत ने इस मामले में राज्य के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को भी सख्त निर्देश जारी किए हैं और कहा कि किसी भी स्थिति में एफआईआर दर्ज होनी ही चाहिए। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सोमवार सुबह सबसे पहले करने की बात कही है।

- मध्यप्रदेश में महू के मानपुर थाने में दर्ज हुई एफआईआर

### महिला आयोग ने निंदा की

राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की और वर्दी धारण करने वाली महिलाओं के सम्मान का आह्वान किया।



### दिल्ली हाईकमान की मप्र भाजपा संगठन को फटकार

इधर, मध्य प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। मंत्री विजय शाह को केंद्रीय नेतृत्व से फटकार लगी है। इसके बाद उन्होंने माफी भी मांगी है। भाजपा के विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि भाजपा हाईकमान ने इस मामले में मंत्री विजय शाह के साथ साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को भी फटकार लगाई है। केंद्रीय नेतृत्व ने दोनों नेताओं से कहा कि, मंत्री पर कार्रवाई करने में इतनी देरी क्यों? केंद्रीय नेतृत्व ने दोनों नेताओं को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि, भविष्य में यदि कोई नेता पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस ने की इस्तीफे की मांग

*विजय शाह के बयान के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विजय शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उमंग सिंघार ने कहा- मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने एक सेना अधिकारी सोफिया कुरैशी के लिए अपमानजनक टिप्पणी की। वे इससे पहले भी मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज जी की पत्नी के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं, जिसके बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।*

### क्या कहा था मंत्री विजय शाह ने?

मप्र सरकार में मंत्री विजय शाह ने कहा था, जिन लोगों ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी। शाह ने यह भी कहा कि उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का सम्मान और मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर बदला ले सकते हैं।

---

साय कैबिनेट में कई अहम निर्णय, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की होगी शुरुआत

# स्कूलों का होगा सोशल ऑडिट और ग्रेडिंग हाईटेक होंगे किसान, इंडस्ट्री को जमीनी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस अभियान के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पालक-शिक्षक सहभागिता बढ़ाने और शैक्षणिक उपलब्धियों को उन्नत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। अभियान के तहत विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण कर गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। कमजोर शालाओं की नियमित मॉनीटरिंग विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से होगी। मॉडल शालाओं का चयन कर कमजोर शालाओं के शिक्षकों को वहां शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। पालक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) के माध्यम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सरकार ने तय किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के शासकीय विद्यालयों में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन किया जाएगर। इसके साथ ही औद्योगिक नीति में संशोधन किया जाएगा। इसके तहत अब राज्य में हाईटेक खेती को बढ़ावा देने की तैयारी है।



### कलाकारों-साहित्यकारों की वित्तीय सहायता बढ़ी

मंत्रिपरिषद ने साहित्य और कला के क्षेत्र में राज्य के अर्थाभावग्रस्त कलाकारों और साहित्यकारों के लिए एक बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। विधानसभा बजट सत्र में की गई घोषणा के परिपालन में अब कलाकारों को दी जाने वाली मासिक वित्तीय सहायता (पेंशन) को 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसके लिए संस्कृति विभाग अंतर्गत ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पर्यटन और होटल व्यवसाय को बढ़ावा

बस्तर और सरगुजा संभाग में होटल और रिसॉर्ट बनाने के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा घटा दी गई है, जिससे इन इलाकों में पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

### हाईटेक खेती को बढ़ावा

औद्योगिक नीति में बदलाव से अब हाइड्रोपोनिक और एयरोपोनिक जैसी आधुनिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को नई तकनीक, जैसे ऑटोमेशन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का फायदा मिलेगा।

### औद्योगिक नीति भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में बदलाव

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने एवं भूमि आबंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी, इससे औद्योगिक निवेशकों को भूमि आबंटन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने व लाभ उठाने में सुविधा होगी।

### ट्रेनिंग और खेल की सुविधाएं

राज्य में खेल अकादमी और निजी प्रशिक्षण केंद्रों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे युवाओं को बेहतर ट्रेनिंग और करियर के अवसर मिलेंगे। गुणवत्ता पूर्ण विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। आटोमोबाइल रिपेयरिंग और सर्विस सेंटर को सभी विकासखण्ड समूहों में मान्य किया जाएगा।

**शुरुआत में मिलते थे 150 से 600 रुपए**

यह योजना वर्ष 1986 में प्रारंभ की गई थी, तब न्यूनतम सहायता राशि 150 रुपये और अधिकतम 600 रुपये निर्धारित थी। बाद में वर्ष 2007 में इसे बढ़ाकर 1500 ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कुछ और फैसले

- टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश करने पर अब 200 प्रतिशत तक का प्रोत्साहन मिलेगा
- लॉजिस्टिक हब बनेगा छत्तीसगढ़- नई लॉजिस्टिक नीति लाई जाएगी
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज
- इज आफ लिविंग को बढ़ावा देने न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से 12वीं निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल एवं मल्टिप्लेक्स युक्त मिनी मॉल से वंचित प्रदेश के नगरीय क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से भिन्न विकासखण्ड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्र में प्रथम तीन इकाई को थ्रस्ट सेक्टर की भांति सम्मिलित किया जाएगा।

---

फरार आरोपियों की तलाश जारी

## आरक्षक की हत्या के मामले में झारखंड के 4 तस्कर गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के सनावल थाना अंतर्गत कनहर नदी के रेत माफिया द्वारा आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस प्रकरण में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चल रही है तलाश

*आरक्षक की हत्या के मामले में जांच के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अभी अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही इस मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।*

***वैभव बैंकर**, एसपी बलरामपुर*

सरकारी आवास में मिली पूरे परिवार की लाश

## पहले पत्नी-बच्चों को पिलाया जहर, फिर खुद लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबहरा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों को जहर देने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रकरण में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शासकीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एच-2 बिल्डिंग के मकान नं. 05 में रहने वाले बसंत पटेल (42) का शव फंदे से लटकता मिला। वहीं, उनकी पत्नी और दो बच्चे की बॉडी नीचे जमीन पर पड़ी मिली। मृतकों में पत्नी भारती पटेल (38), बेटी सेजल ▶▶|शेष पेज 7 पर





### बच्चों के बेहोश होने पर रस्सी से गला दबाया

फॉरेंसिक टीम को बच्चों के गले में भी रस्सी के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतक ने पहले पत्नी और बच्चों को जहर दिया। इस दौरान बच्चों के बेहोश होने का अंदेशा होने पर रस्सी से भी मृतक द्वारा गला घोटने की आशंका जताई जा रही है।

### मौके पर पहुंचे अफसर

*एसपी आशुतोष सिंह और एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय सहित सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आत्महत्या के एंगल से जांच कर रही है। चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।*






---

भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने ली शपथ

# देश के पहले बौद्ध सीजेआई ने लिखे 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ ऐतिहासिक फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश और देश के पहले बौद्ध न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने न्यायिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लगभग 300 फैसले लिखे हैं, जिनमें संवैधानिक मुद्दों एवं स्वतंत्रता संबंधी तथा कार्यपालिका के 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ कई ऐतिहासिक फैसले शामिल हैं। न्यायमूर्ति गवई न्यायमूर्ति के जी बालाकृष्णन के बाद भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करने ▶▶|शेष पेज 7 पर



### छह महीने से अधिक कार्यकाल

महाराष्ट्र के अमरावती में 24 नवंबर 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई को 24 मई 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।

### कई ऐतिहासिक फैसले

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में 24 मई 2019 को पदोन्नत किए गए न्यायमूर्ति गवई उन संविधान पीठों का हिस्सा थे, जिन्होंने अनुच्छेद 370, चुनावी बॉण्ड और 1,000 रुपए एवं 500 रुपए के नोट को अमान्य घोषित किए जाने सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर फैसले सुनाए। न्यायमूर्ति गवई की अगुवाई वाली पीठ ने ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय की इस टिप्पणी पर रोक लगाई थी कि किसी महिला के स्तनों को पकड़ना और उसके पायजामे का नाड़ा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सामने होंगी कई चुनौतियां

प्रधान न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति गवई को शीर्ष अदालत में लंबित 81,000 से अधिक मामलों से लेकर अदालतों में खाली पड़े पदों जैसे कई मुद्दों से निपटना होगा। न्यायिक संदर्भ में वह बहुचर्चित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने से जुड़े विवादास्पद मुद्दे से निपटेंगे। प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेने से कुछ दिन पहले न्यायमूर्ति गवई ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा था कि संविधान सर्वोच्च है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

ओडिशा में हुआ सफल परीक्षण
जानिए इसकी खासियत

# भारत को मिला नया काउंटर ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र'

## आसमान में ही नष्ट हो जाएंगे अब चीन, पाक जैसे दुश्मनों के ड्रोन



**गोपालपुर (ओडिशा)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा आतंकी ठिकानों पर हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए गए। भारतीय सेना ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पाकिस्तान की ओर से करीब 400 ड्रोन से पश्चिमी सीमा पर हमला किया गया। भारत ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया। वहीं आज भारत ने स्वदेशी एंटी ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का सफल परीक्षण ओडिशा के गोपालपुर में किया गया। एसएडीएल ने काउंटर ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का सफल परीक्षण किया है जो एक साथ मल्टीपल ड्रोन पर प्रहार करने में सक्षम है।

### सभी मानकों पर सफल रहा परीक्षण

इस काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में काफी परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान इसने सभी निर्धारित उद्देश्य पूरे कर लिए। आर्मी एयर डिफेंस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के लिए तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। एक परीक्षण 2 सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में सफल रहा।







### ऐसे मिला भार्गवास्त्र नाम

*भार्गवास्त्र नाम भगवान परशुराम के अस्त्र से लिया गया है। परशुराम के अस्त्र का नाम भार्गव अस्त्र था यह बेहद शक्तिशाली हथियार था। भविष्य के युद्ध में ऐसे हथियार बेहद उपयोगी साबित होंगे। इसकी मारक क्षमता को देखते हुए भगवान परशुराम के अस्त्र पर इसका नाम रखा गया।*

### देश की सुरक्षा में मील का पत्थर

*इसे समुद्र तल से 5 हजार मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों के साथ-साथ अलग-अलग इलाकों में तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। यह देश की सुरक्षा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। खासतौर से हाल के दिनों में जिस तरह से पाकिस्तान की ओर से भारत पर ड्रोन अटैक किए गए उससे एक मजबूत एंटी ड्रोन सिस्टम की बहुत जरूरत है।*

## यह है खासियत

- भारतीय डिफेंस कंपनी सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने हार्ड किल मोड में कल लागता वाला एंटी ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र को डिजाइन और विकसित किया है।
- इसकी खासियत यह है कि भार्गवास्त्र ड्रोन के झुंडों को 6 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर पता लगा सकता और उसके हमले को बेअसर कर सकता है।
- अनमैन्ड एरियल व्हिकल के खतरों का यह बखूबी मुकाबला कर सकता है।
- 2 .5 किमी तक की दूरी पर आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें खत्म करने की क्षमता से लैस
- भार्गवास्त्तर एक माइक्रो-मिसाइल आधारित डिफेंस सिस्टम है। इस भारत में ही विकसित किया गया है। इसे ड्रोन हमलों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।
- यह मल्टी काउंटर ड्रोन सिस्टम है, जिसमें रक्षा की पहली लेयर के तौर पर बिना निर्देशित माइक्रो रॉकेट का इस्तेमाल किया गया है। यह 20 मीटर की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को अपने प्रहार से बेअसर कर सकता है।
- भार्गवास्त्र उन्नत सी4आई (कमांड, कंट्रोल, कम्यूनिकेशंस, कंप्यूटर और इंटेलिजेंस) की खासियत से युक्त एक परिष्कृत कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर से लैस है।
- इस सिस्टम का रडार 6 से 10 किमी दूर के हवाई खतरों का मिनट भर में पता लगा सकता है और कुछ सेकेंड्स में बेअसर कर सकता है।

## ड्रैगन ने फिर चली चाल

# चीन ने फिर बदले अरुणाचल के 27 जगहों के स्टैंडर्ड भौगोलिक नाम

### इस पूर्वोत्तर राज्य के कई इलाकों पर झूठा दावा पेश करने की कोशिश

### भारत सरकार ने दावों को किया खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ भारत का बढ़ा तनाव अभी कम हो ही रहा था कि एक और पड़ोसी चीन ने अपनी कुटिल चाल चल दी है। चीन ने एक बार फिर भारत के अभिन्न अंग अरुणाचल प्रदेश के 27 जगहों के स्टैंडर्ड भौगोलिक नाम जारी कर उन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की है।

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 15 पहाड़ों, पांच रिहायशी इलाकों, चार पहाड़ी दर्रों, दो नदियों और एक झील के स्टैंडर्ड नाम जारी किए हैं। ऐसी हरकतें कर चीन ने फिर से अरुणाचल प्रदेश के इलाकों पर अपना झूठा दावा पेश करने की कोशिश की है जिसे भारत ने हर बार की तरह सिरे से खारिज कर दिया है।




### चीन ने पहले भी की है ये नापाक हरकत

तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के तवांग दौरे से भड़ककर चीन ने पहली बार 2017 में अरुणाचल के छह जगहों के स्टैंडर्ड नाम जारी किए थे। इसके बाद चीन ने दिसंबर 2021, 2024 में भी ऐसी ही हरकत की।

### भारत-चीन सीमा विवाद और अरुणाचल प्रदेश

भारत और चीन के बीच करीब 3,500 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा है जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा या एलएसी कहा जाता है। यह तीन सेक्टरों में बंटा हुआ है। चीन की सीमा भारत के जम्मू-कश्मीर से मिलती है जिसे पश्चिमी सेक्टर कहा जाता है। पश्चिमी सेक्टर की लंबाई 1597 किमी है। मिडिल सेक्टर में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से चीन की सीमा मिलती है। इसकी लंबाई 545 किमी है। सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश पूर्वी सेक्टर में आते हैं। यहां भारत-चीन सीमा की कुल लंबाई 1346 किमी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चीन आता है जिस पर 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान चीन ने कब्जा कर लिया था।

### नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलेगी : भारत



भारत ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के बेतुके प्रयासों को खारिज किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, 'हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के व्यर्थ और बेतुके प्रयास किए हैं।' उन्होंने कहा, 'हम इस तरह के प्रयासों को अपने सैद्धांतिक रुख के अनुरूप स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं। 'रचनात्मक नाम रखने से यह निर्विवाद वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।'

### मैकमोहन रेखा को भी मान्यता नहीं देता चीन

*चीन ने तिब्बत को 1950 में पूरी तरह से कब्जा लिया था और तब से ही वो अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करता है। मैकमोहन रेखा भारत और चीन के तिब्बती क्षेत्र के बीच की रेखा है जिसमें 1914 में शिमला समझौते के तहत स्थापित किया गया था। तब भारत में ब्रिटिश हुकूमत थी और समझौते पर भारत के तत्कालीन प्रशासक हेनरी मैकमोहन और तत्कालीन तिब्बत सरकार के प्रतिनिधि ने हस्ताक्षर किया था। भारत जहां 1947 में आजाद हुआ वहीं, चीन को 1949 में आजादी मिली. चीन आजादी मिलते ही अरुणाचल को अपना हिस्सा बताने लगा। चीन मैकमोहन लाइन को भी नहीं मानता और कहता है कि तिब्बत चीन के अधिकार में है इसलिए वो किसी तिब्बती प्रतिनिधि के हस्ताक्षर किए समझौते को नहीं मानेगा। चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में अतिक्रमण करने की कोशिश भी की है।*

## खबर संक्षेप

### नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में मिला बड़ा पद



**नई दिल्ली।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई है। नीरज चोपड़ा भाला फेंक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। नीरज टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत के लिए जेवेलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। अब उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का पद दिया गया है।

### बांसुरी स्वराज को जवाब देने का 'आखिरी मौका'



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में जवाब देने के लिए 'अंतिम अवसर' दिया। जैन ने स्वराज के खिलाफ उनकी शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी है। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 3 जून तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### ट्रम्प और कतर के बीच 100 लाख करोड़ की डील



**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर के अमीर शेख तामिन बिन हमद अल-थानी के बीच बुधवार को दोहा में 1.2 ट्रिलियन डॉलर (करीब 100 लाख करोड़ रुपए) की अलग-अलग डील हुई। इसमें दोनों देशों के बीच 243.5 अरब डॉलर (करीब 20 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा की फाइनेंशियल डील शामिल है। इस फाइनेंशियल डील में कतर एयरवेज द्वारा बोइंग विमानों की खरीद, हथियारों की खरीद, नेचुरल गैस और क्वांटम टेक्नोलॉजी से जुड़े सौदे शामिल हैं।

## 'बलूचिस्तान अब पाक का हिस्सा नहीं'

# बलोच नेता ने किया आजादी का ऐलान, भारत समेत विश्व से मांगा समर्थन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बलूच लीडर मीर यार बलोच ने पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी की औपचारिक घोषणा कर दी, उन्होंने दशकों से चले आ रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकार उल्लंघनों को इसकी वजह बताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना राष्ट्रीय फैसला ले लिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। लिहाजा उन्होंने भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन की अपील की है। बलोच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक अपील में लिखा कि तुम मारोगे, लेकिन हम निकलेंगे, क्योंकि हम नस्ल बचाने निकले हैं, आओ हमारा साथ दो। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले बलूचिस्तान में बलूच लोग सड़कों पर हैं और ये उनका फैसला है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकती।



### पीओके पर भारत के रुख का समर्थन

बलोच नेता मीर यार बलोच ने भारत की पीओकेको खाली कराने की मांग का पूर्ण समर्थन किया. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान पर इस क्षेत्र को खाली करने के लिए दबाव बनाने का आग्रह किया।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गुहार

*मीर यार बलोच ने भारत और वैश्विक मंचों से अपील की कि वे बलूचिस्तान की स्वतंत्रता को मान्यता दें और पाकिस्तान के झूठे दावों का समर्थन न करें। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को बलपूर्वक और विदेशी ताकतों की मिलीभगत से पाकिस्तान में मिलाया गया था। बलूचिस्तान में कई साल से गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों की खबरें आती रही हैं, जिनमें जबरन गुमशुदगी, फर्जी मुठभेड़, और असहमति की आवाज़ों को दबाया जाना शामिल है*

#### वैष्णव ने दी जानकारी, 2027 तक होगा प्लांट से निर्माण शुरू

## दो हजार को रोजगार, जेवर में लगेगा सेमीकंडक्टर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने नोएडा के जेवर में लगने वाले देश के छठे सेमीकंडक्टर प्लांट को बुधवार को मंजूरी दे दी है। एचसीएल और फॉक्सकान के संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाए जाने वाले इस प्लांट पर 3706 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



वर्ष 2027 तक प्लांट से निर्माण शुरू हो जाएगा। इसकी उत्पादन क्षमता 3.6 करोड़ (36 मिलियन) चिप प्रति महीना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जेवर प्लांट में बनने वाली चिप्स का इस्तेमाल मोबाइल फोन, लैपटॉप, पीसी और ऑटोमोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रिक उत्पादों में किया जाएगा।

यहां डिस्प्ले ड्राइव का उत्पादन होगा। इसका इस्तेमाल डिजिटल डिवाइस की स्क्रीन में किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाले प्लांट के जरिए दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे भारत की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का दायरा बढ़ेगा।

#### जैसलमेर-श्रीगंगानगर में पाक सिम पर लगाया गया प्रतिबंध

## पाकिस्तान बढ़ा रहा मोबाइल टावरों की रेंज, जासूसी का खतरा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान सीमा पर जासूसी की आशंकाओं के चलते राजस्थान प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। खासकर जैसलमेर और श्रीगंगानगर जिलों में पाकिस्तानी सिम कार्ड के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। जैसलमेर के कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से सीमा के पास मोबाइल टावरों की रेंज बढ़ाई जा रही है, जिससे अवैध संचार और जासूसी की संभावना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है। श्रीगंगानगर के जिला कलेक्टर ने भी इसी तरह का आदेश जारी किया है।

### संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग

सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में स्थित गांवों में बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बीएसएफ और स्थानीय पुलिस हाई अलर्ट पर हैं और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

#### हालिया 'जंग' में दिया था भारत के खिलाफ पाक को समर्थन

# देशभर में तुर्की का बायकाट शुरू, व्यापारियों की ट्रेड स्ट्राइक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में तुर्की का बायकाट शुरू हो गया है। एक तरफ जहां जेएनयू ने तुर्की की यूनिवर्सिटी से करार खत्म कर लिया वहीं दूसरी तरफ लोगों ने तुर्की के सामानों के बायकाट का फैसला कर लिया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्की द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किया था। इससे देशभर में जमकर नाराजगी है। सोशल मीडिया पर लोगों ने तुर्की से भारत आने वाले प्रोडक्ट्स के बहिष्कार को लेकर ट्रेंड चलाया था, जिसके बाद भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। पुणे से लेकर गाजियाबाद तक के व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है।



### यह कहा व्यापारियों ने

स्पाइस एंड ड्राई फ्रूट्स एसोसिएशन के समिति सदस्य और पूना मर्चेंट्स चैंबर्स के निदेशक नवीन गोयल ने कहा, 'पूरे भारत में तुर्की से करोड़ों रुपए का आयात होता है। अगर इन सबका बहिष्कार किया जाता है, तो तुर्की को बहुत बड़ा नुकसान होगा और उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि भारत एक बहुत बड़ा उपभोक्ता बाजार है।' इसके अलावा गाजियाबाद की साहिबाबाद फल मंडी के व्यापारियों ने भी तुर्की से सेब और अन्य उत्पादों के आयात का बहिष्कार करने का फैसला किया है। साहिबाबाद फल मंडी के एक व्यापारी ने कहा, "तुर्की ने हाल के दिनों में पाकिस्तान का समर्थन किया है। हमने तुर्की के साथ सभी व्यापारिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है क्योंकि उसने पाकिस्तान का समर्थन किया है।

### जेएनयू ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं।

### इधर, सरकार ने तुर्किये व चीनी सरकारी मीडिया से हटाया बैन

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्किये के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था।



रायपुर
गुरुवार, 15 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 297
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 41.1
न्यूून. 29.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



6 तोते वाले बैग के साथ रेड कार्पेट...

विचार पेज
4 युद्ध हमेशा त्रासदियां ही लाती हैं




# नगरीय निकायों में 80 हजार आडिट आपत्तियां डंप, इनमें दस से चौदह साल पुराने केस भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय, चाहे वह नगर निगम हो, पालिका या नगर पंचायत, इन निकायों में कामकाज के लिए आर्थिक लेनदेन को लेकर किए जाने वाले ऑडिट के बाद सामने आनी वाली आपत्तियों का बरसों से निकाय निराकरण नहीं करवा रहे हैं। महालेखाकार छत्तीसगढ़ और राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा किए जाने वाले ऑडिट के दौरान आपत्तियां सामने आती हैं। इन मामलों को लेकर अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

## रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, रायगढ़ में हजारों मामले

### निगमों में लंबित हजारों आपत्तियां

खास बात ये है कि राज्य के सभी नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में अनिराकृत आपत्तियों के मामले मौजूद हैं। ये मामले वर्ष 2011-12 से लेकर अब तक के हैं। राज्य के 14 नगर निगमों में कुल मिलाकर 17 हजार 979 अनिराकृत आपत्तियां है। इनमें सबसे अधिक रायपुर निगम में 2935, बिलासपुर में 2033, रायगढ़ में 2681, कोरबा 2008 और दुर्ग में 2050 मामले हैं।

प्रदेश की पालिकाओं नगर पंचायतों में 61 हजार से अधिक



### संचालनालय ने जारी किया आदेश

इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने राज्य के सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को जारी पत्र में कहा है कि इस संबंध में पूर्व में विभाग, महालेखाकार, और राज्य संपरीक्षा विभाग द्वारा पत्र जारी किए गए हैं। पत्रों में कहा गया है कि हर क्षेत्रीय संयुक्त संचालक के क्षेत्राधिकार वाले संभागों के सभी निकायों में निराकृत एवं लंबित आपत्तियों की वर्षवार जानकारी हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराया जाए। लेकिन निकायों ने यह जानकारी संचालनालय को नहीं भेजी है। महालेखाकार और राज्य संपरीक्षा विभाग की लंबित आपत्तियों की अपडेटेड जानकारी तीन दिनों के अंदर ऑडिट शाखा को भेजें।

### प्रदेशभर के निकायों में 80 हजार से अधिक मामले

राज्य भर के नगरीय निकायों की बात करें तो नगर निगमों में 17 हजार 979, पालिकाओं में 31 हडार 678, नगर पंचायतों में 30 हजार 945 मामले अनिराकृत ऑडिट आपत्तियों के हैं। इन ऑडिट आपत्तियों में अरबों रुपयों की राशि शामिल है। जानकारों के अनुसार ऑडिट आपत्ति के मामले गबन, शासकीय राशि के दुरुपयोग, करों की वसूली में अनियमितता, राशि की फिजूलखर्ची, दोषयुक्त करारोपण से होने वाली हानियों से संबंधित हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पैदल यात्रियों के लिए सुनिश्चित करें फुटपाथ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों के वास्ते उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का बुधवार को निर्देश दिया और इसे उनका संवैधानिक अधिकार बताया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों को सड़कों पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### टैंकर से कुचलकर न्यायिक अधिकारी की मौत

**बनिहाल।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार एलपीजी टैंकर की चपेट में आने से एक न्यायिक अधिकारी की मौत हो गई।



रामबन जिला अदालत के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रभात सिंह (59) दोपहिया वाहन से मुख्य जिला एवं सत्र अदालत जा रहे थे, तभी रामबन में मारूग के पास टैंकर ने उन्हें कुचल दिया।

### माता वैष्णो देवी धाम में फिर शुरू हुई हेलीकॉप्टर सेवा

**कटरा/जम्मू।** जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बुधवार को फिर से शुरू हो गई।



भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध के कारण यह सेवा करीब एक सप्ताह से निलंबित थी। हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने से एक दिन पहले ही जम्मू और श्रीनगर सहित 32 हवाई अड्डों पर उड़ानें बहाल की गई थीं।

### दो तस्करों को पकड़ा, 32 लाख की अफीम बरामद

**लखनऊ।** यूपी पुलिस के विशेष कार्य बल ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है और उनके कब्जे से साढ़े छह



किलोग्राम अफीम बरामद की है। एसटीएफ के एक बयान के मुताबिक, मादक पदार्थों के तस्कर पवन सिंह और खुशबू को मंगलवार को गोरखपुर में गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 32 लाख रुपये से ज्यादा मूल्य की साढ़े छह किलोग्राम अफीम बरामद की गई।

## पाक सरकार ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

# भारत से गिड़गिड़ाया पाक, सिंधु जल समझौते पर फिर से विचार की गुहार

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाते हुए सिंधु जल संधि को रोकने का ऐलान किया था। इससे पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। इस फैसले को लेकर पाकिस्तान ने भारत से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की गुहार लगाई है। पाकिस्तान की सरकार ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

सूत्रों के मुताबिक नियमानुसार यह पत्र भारत के विदेश मंत्रालय को भी भेज दिया गया है, लेकिन भारत ने पाकिस्तान की इस अपील को साफ तौर पर नकार दिया है। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पानी को लेकर पीएम मोदी ने दी थी पाक को चेतावनी

राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया गया है। आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है।

- *पाक सरकार ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को लिखी चिट्ठी*
- *पीएम मोदी ने पानी को लेकर दी है सख्त चेतावनी*



### पीएम की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक

ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति बनने के बाद यह सीसीएस की पहली बैठक है। ऐसी जानकारी है कि इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की गई।

### इधर, ट्रंप फिर बोले-भारत और पाक को शांति के लिए किया राजी



*न्यूयॉर्क। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने में अमेरिका द्वारा मध्यस्थ की भूमिका अदा करने का दावा फिर से दोहराया है। ट्रंप ने कहा है कि वाशिंगटन, भारत और पाकिस्तान के साथ 'मध्यस्थ' के तौर पर शामिल हुआ था। ट्रंप ने साथ ही कहा कि जो कुछ हो रहा था वह उन्हें अच्छा नहीं लग रहा था और इसलिए उन्होंने दोनों देशों को शांति बनाए रखने के लिए राजी किया।*

## 21 दिन बाद वाघा बार्डर से लौटा जवान

# भारत की सख्ती के बाद पाक ने लौटाया बीएसएफ जवान

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को क्रमशः सीमा सुरक्षा बल और पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा बंधक बनाए गए एक-एक जवान को दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक दूसरे के सुपुर्द किया। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार शॉ को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था। अधिकारियों ने कहा कि वहीं, पाकिस्तान के एक रेंजर को उसके हवाले कर दिया गया जिसे बीएसएफ ने तीन मई को राजस्थान में सीमा क्षेत्र से पकड़ा था।

- 21 दिन बाद वाघा बार्डर से लौटा जवान



### आंखों में आंसू आवाज में खुशी

जवान की वापसी से परिवार में काफी खुशी वाला माहौल है। पूर्णम कुमार की पत्नी रजनी की आंखों में खुशी के आंसू दिखाई दिए। उन्होंने कहा, मेरे लिए आज का दिन बहुत बड़ा है। सुबह बीएसएफ के हेडक्वार्टर से फोन आया था कि पूर्णम जी आ गए हैं। जवान पूर्णम शॉ की पत्नी ने कहा, 22 दिन बाद जब मैंने उन्हें वीडियो कॉल पर देखा, तो पहले तो मैं उनको पहचान ही नहीं पाई क्योंकि उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि फिक्र नहीं करो, मैं बिल्कुल ठीक हूं, मेरी मेडिकल भी हो गई है।

### जवान की जांच के बाद होगी काउंसलिंग

अधिकारियों ने कहा कि जवान की पूरे शरीर की जांच और मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद उनकी काउंसलिंग होगी और 'डीब्रीफिंग' सत्र में बीएसएफ के अधिकारी उन्हें रेंजर्स द्वारा 21 दिन तक पकड़कर रखने के बारे में 'प्रासंगिक प्रश्न' पूछेंगे। 24वीं बीएसएफ बटालियन के इस जवान को सक्रिय ड्यूटी में शामिल नहीं किया जाएगा।

## गंगा दशहरा उत्सव पर 101 विद्वान करेंगे अनुष्ठान

# राम मंदिर परिसर में 14 देवालयों पर पांच जून को होगी प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर परिसर में स्थित 14 मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर की जाएगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा। हालांकि, अनुष्ठान 30 मई को शुरू हो जाएंगे और इनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिव लिंग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल 101 वैदिक विद्वान अनुष्ठानों की देखरेख करेंगे, जिसमें 'यज्ञशाला' की पूजा, वाल्मीकि रामायण का पाठ, मंत्रोच्चार, चारों वेदों का पाठ और अन्य पारंपरिक समारोह शामिल होंगे। देवताओं के लिए दो-दो फुट ऊंचे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है और इससे राम मंदिर परिसर का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व और बढ़ेगा।

### मुख्य परिसर में छह मंदिर

*श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को सिंहासनों पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा की जानी है, उनमें मुख्य परिसर में स्थित छह मंदिर शामिल हैं। ये मंदिर भगवान शिव, सूर्य देव, गणपति, हनुमान, देवी भगवती और देवी अन्नपूर्णा को समर्पित हैं।*

### सात मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा

*सप्त मंडपम क्षेत्र में स्थित सात मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी, जिनमें ऋषि वशिष्ठ, वाल्मीकि, अगस्त्य, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज जैसे देवता और पूजनीय आकृतियां प्रतिष्ठित होंगी। शेषावतार मंदिर में लक्ष्मणजी की मूर्ति की भी प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।*

### चार फुट ऊंचा होगा शिवलिंग

ओंकारेश्वर की नर्मदा का भी अयोध्या में रामलला के मंदिर से आध्यात्मिक जुड़ाव होगा। ओंकारेश्वर में नर्मदा से प्राप्त शिवलिंग परकोटे में निर्मित शिव मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाएगा। यह शिवलिंग पिछले साल 22 अगस्त को अयोध्या लाया गया था। यह चमकदार हल्के लाल रंग के शिवलिंग के रूप में है। इसकी ऊंचाई 48 इंच, चौड़ाई 15 इंच और व्यास 68 इंच है।

## खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# रिश्ते को किया कलंकित, चाकू की नोक 15 साल की बेटी से किया रेप

**भिलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में बाप-बेटी के रिश्ते को कलंकित करने का मामला प्रकाश में आया है। एक पिता ने चाकू की नोक पर अपनी 15 साल की बेटी से पिछले कई दिनों तक गलत काम किया। आरोपी पिता अपनी बेटी को डराता-धमकाता रहा। बच्ची की बर्दाश्त करने की क्षमता जब जवाब देने लगी, तो उसने घटना की जानकारी मां को दी। इसके बाद मामला ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि

पुलिस ने बताया कि बच्ची का मेडिकल कराया गया, जिसमें उसके साथ गलत काम होने की पुष्टि हुई है। खुर्सीपार थाना प्रभारी वनिता पानीकर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# डीएमएफ घोटाले में रानू, सौम्या, सूर्यकांत व अन्य की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डीएमएफ घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने आज आईएएस रानू साहू, पूर्व सीएम की उप सचिव सौम्या चौरसिया, एनजीओ संचालक मनोज कुमार और बिचौलिया सूर्यकांत तिवारी की स्थायी जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मामले में एफआईआर और केस डायरी में उपलब्ध सामग्री का अवलोकन



- हाईकोर्ट ने कहा- प्रथम दृष्टया पीसी एक्ट के तहत परिलक्षित होता है आर्थिक अपराध

करने बाद आवेदक की धारा 7 और 12 के तहत अपराध करना प्रतीत होता है। प्रथम दृष्टया पीसी एक्ट के तहत आर्थिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

प्रदेश सरकार के मुताबिक, ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40% सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है।

## बाल-बाल बचे रायडू, प्रधान आरक्षक की सर्विस रिवाल्वर जब्त

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर प्रधान आरक्षक ने चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिला उपाध्यक्ष पर विवाद के बाद प्रधान आरक्षक ने सर्विस रिवाल्वर से गोली चला दी। फायरिंग में भाजपा नेता बाल- बाल बच गए। प्रधान आरक्षक जलेनराम कर्मा को हिरासत में लेकर सर्विस रिवाल्वर जब्त कर लिया गया है। मामला भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का है।

घटना की जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 7 पर

- नक्सलियों से खतरा को देखते हुए भाजपा नेता को दी गई है सुरक्षा

### निलंबित किया गया: एसपी

एसपी बीजापुर जितेंद्र यादव ने कहा कि प्रधान आरक्षक जलेन कुमार कर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अग्रिम क़ानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जा रही है।



### जांच होनी चाहिए : रायडू

भाजपा नेता लवकुमार रायडू ने कहा कि उसे नक्सलियों से खतरा है, इस बीच पुलिस द्वारा किया गया हमले से वह काफी भयभीत है। पूरे मामले की जांच कर आरोपी प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जलनराम कर्मा मुझ पर सर्विस रिवाल्वर से हमला कर हत्या करना चाहते थे, जिसकी जांच होनी चाहिए।

### हिरासत में लिया गया प्रधान आरक्षक

पुलिस के अनुसार बुधवार शाम लगभग 5 बजे भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना से लगभग 3 किमी दूर एक खुले स्थान पर प्रधान आरक्षक वाहन चालक जलन कुमार कर्मा अपने परिचित लव कुमार रायडू स्थानीय निवासी तथा अन्य दो व्यक्तियों से मिलने गया था। इसी दौरान आपस में किसी बात को लेकर उनमें बहस हो गई। बहस के दौरान आवेश में आकर प्रधान आरक्षक जलन कुमार कर्मा ने अपनी सर्विस रिवाल्वर निकालकर हवा में फायरिंग कर दी।

यूं तो हमारा भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है। यहां जगह-जगह पर तरह-तरह की भाषाएं तरह-तरह की वेशभूषा और मान्यताएं देखने और सुनने को मिलती हैं। ऐसे ही एक परंपरा यूपी के कौशांबी जनपद के एक मोहल्ले से देखने और सुनने को मिलती है। इस मोहल्ले की सच्चाई जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे।

# अनोखा गांव, जहां शादी के बाद बेटियों की नहीं होती विदाई, दामाद बनते हैं घर जमाई

एजेंसी ▶▶| कौशांबी

देश में 2014 में बीजेपी सरकार बनने के बाद 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा लगाया गया, लेकिन कौशांबी जनपद के करारी कस्बे का किंग नगर मोहल्ला (दामादों का पुरवा) की आज भी परंपरा अनोखी है। इस कस्बे की बुजुर्ग महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर लोग काफी संजीदा थे, जिसके चलते उन्होंने यह नियम बनाया कि वह अपनी बेटी की शादी उसी से करेंगे, जो उनकी बेटी के साथ उनके मोहल्ले में ही रह सके। इस मुहिम के चलते आज भी यह मोहल्ला दामादों से भरा पड़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आज भी इस मोहल्ले में 40 से 50 दामाद रहते हैं।

## मोहल्ले में रहते हैं 50 दामाद




**यहां के दामाद बनते हैं घर जमाई**

वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो शादी करने के बाद दामाद अगर बेरोजगार है, तो बाकायदा रोजगार भी मुहैया कराया जाता है। लोगों का कहना था कि दशकों पहले शुरू हुई इस मुहिम के चलते आज तकरीबन 50 ऐसे परिवार इस मोहल्ले में रहते हैं, जिनके मुखिया शादी के बाद घर जमाई बन गए और अपनी ससुराल में ही रहने लगे।

## बेटियों को बचाने के लिए चलाई परंपरा

कौशांबी के जिला मुख्यालय से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर बसे करारी कस्बे का किंग नगर मोहल्ले को लोग दामाद के मोहल्ले के नाम से जानते हैं। इस मोहल्ले की परंपरा को लेकर लोगों को कहना था कि चाहे दहेज प्रथा हो, दहेज को लेकर उत्पीड़न हो या भ्रूण हत्या हो। ऐसे तमाम अपराध जो कि समाज में व्याप्त थे, जिससे अपनी बेटियों को बचाने के लिए बुजुर्गों ने यह अनोखी मुहिम चलाई थी, जिससे उनकी बेटी दामाद के साथ उनके साथ ही रहे और किसी भी उत्पीड़न का शिकार ना हो।



## दामादों का पुरवा के नाम से जानते हैं लोग

ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव का नाम दामादों का पुरवा इसलिए पड़ा है। भ्रूण हत्या और महिला उत्पीड़न होने के कारण बुजुर्गों ने एक रणनीति बनाई थी कि जहां भी अपनी बेटियों की शादी करेंगे, शादी के बाद अपने बेटी और दामाद को अपने ही साथ रखेंगे, जिससे उनकी बहन-बेटियों को कोई परेशानी न हो। इस वजह से मोहल्ले का नाम दामादों का पुरवा पड़ा है। इसके साथ ही इसे किंग नगर के नाम से भी जाना जाता है।

---

**रोचक खबरें**

# महंगे सोने ने तोड़ दिया हार का सपना, शादी में यूं पहुंची महिला



**नई दिल्ली।** भारत के लोगों का सोने में काफी इंट्रेस्ट है। जी नहीं, हम नींद से सोने वाली सोना की बात नहीं कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं गोल्ड की. भारत में प्राचीन काल से ही लोग, खासकर महिलाओं का इंट्रेस्ट गोल्ड में है। कोई भी मौका हो, अगर एक महिला ने पैसे बचाए हैं तो वो तुरंत अपने लिए गहने बनवा लेती है। और ये आदत अब जाकर सही साबित हो रही है। देखते ही देखते सोने के बहाव आसमान जा पहुंचे हैं। जब सोना सस्ता था, उस समय जिन्होंने गोल्ड में इन्वेस्ट किया था, आज उनकी चांदी हो चुकी है। चौबीस कैरट सोना तो एक लाख के पार कब का जा चुका है। हालांकि, इंडिया में वेडिंग सीजन के दौरान सोने के भाव ने लोगों को परेशान भी कर दिया है। आम लोगों के बजट से बाहर ही हो चुका है सोना। ऐसे में सोशल मीडिया पर एक महिला ने शादी में सोने के गहने को ऐसी चीज से रिप्लेस किया, जिसने सबको हैरान कर दिया।

मेहंदी सूखने के बाद महिला के गले में हरा, कान में बालियां, नाक में नथ और मांगटीका नजर आया। उसके इस स्टाइल ने लोगों को हैरान कर दिया। जहां कई ने इसे बेवकूफी बताया, वहीं कई यूजर ने इसे महंगे सोने का साइडइफ़ेक्ट बताया। महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।

### मेहंदी से बनवा लिए गहने

वेडिंग सीजन के कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस बीच एक महिला शादी में जाने के लिए तैयार होने के लिए के मेकअप आर्टिस्ट के पास पहुंची। लेकिन, वहां उसका मेकअप होने की जगह उसके गले, माथे, कान और बॉडी के अलग-अलग हिस्सों में मेहंदी लगने लगी। महिला ने सोने के भाव देखने के बाद अपनी बॉडी पर मेहंदी से ही गहनों के डिजाइन बनवा लिए।

# शादी रोको, मैं हूं उसकी पत्नी! मंडप में बच्चे को गोद में लेकर पहुंची प्रेमिका

**जालौन।** बैंड-बाजा और डीजे की धुन पर बाराती नाचने का आनंद ले रहे थे.चारों ओर खुशी का माहौल था, लेकिन ये खुशी बहुत देर तक चल नहीं सकी शादी की रस्म के दौरान दूल्हे की कथित प्रेमिका पहुंच गई। इतना ही नहीं, अपने साथ एक बच्चा भी ली थी। ये मामला जालौन के कोंच नगर के उरई रोड स्थित होटल आशीर्वाद का बताया जा रहा है। ग्राम घुसिया निवासी नेहा प्रजापति नाम की महिला अपने मासूम बच्चे को गोद में लेकर शादी स्थल पहुंची और दूल्हे प्रभाकर पर गंभीर आरोप लगाए. नेहा का कहना है कि प्रभाकर ने उससे पहले शादी की है और अब उसे धोखा देकर दूसरी शादी कर रहा है। महिला के मुताबिक, उसने प्रभाकर के साथ न सिर्फ विवाह किया, बल्कि उनके बीच एक बच्चा भी है। नेहा के आरोप सुनते ही शादी में अफरा-तफरी मच गई। दुल्हन, जो झांसी जनपद के चिरगांव की रहने वाली है, उसने पूरे मामले को जानने के बाद तुरंत शादी से इंकार कर दिया। उसके परिजनों ने भी प्रभाकर से रिश्ता तोड़ने का निर्णय लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों पक्षों प्रभाकर, नेहा और दुल्हन के परिवार को थाने लेकर आई।



# सोशल मीडिया पर डाली फोटो, नर्क बन गई लड़की की ज़िंदगी, नहीं थी खबर!

**बीजिंग।** एक ज़माना था, जब लोग अपनी दुख भी अपने तक रखते थे और अपनी खुशियां भी। कुछ ही लोग होते हैं, जिन्हें वे अपने जीवन की हर उपलब्धि बताना चाहते थे। हालांकि, हम दुनिया ऐसी हो चुकी है कि हर कोई अपनी छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बात हर किसी के सामने रखना चाहते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन इसे जानना चाहता है और कौन नहीं।



इसकी वजह से कई बार ऐसा भी हो जाता है कि इस इंफॉर्मेशन का गलत उपयोग हो जाता है और हमें पता भी नहीं चलता। हममें से ज्यादातर लोग अपनी फोटो सोशल मीडिया पर डालते ही हैं। कुछ लोग तो अपनी हर एक एक्टिविटी तक इंटरनेट पर अपडेट करते रहते हैं। हालांकि, हममें से ज्यादातर लोगों को इसके खतरे के बारे में कुछ पता ही नहीं होता है। आज एक ऐसी लड़की की कहानी, जो आपको इंटरनेट के खतरे से रूबरू कराएगी। इस लड़की के साथ जो हुआ, वो किसी के साथ भी हो सकता है, इसलिए सोशल मीडिया से जुड़े खतरे को समझना हमारे लिए ज़रूरी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 19 साल की लियांग सरनेम वाली लड़की हेलॉन्गजियांग प्रोविंस में रहती है। वो यूनिवर्सिटी में फर्स्ट इअर की छात्रा है। उसने दो साल पहले एक नॉवेल पढ़ने के बाद अपनी रोते हुए तस्वीर डाल दी। उसने ये लिखकर तस्वीर डाली कि नॉवेल इतना दुखांत है कि उसे रोना आ गया। उसने उम्मीद नहीं थी कि उसकी ये पोस्ट उसे कितना नुकसान पहुंचाने वाली है। उसकी पोस्ट के साथ लगी हुई तस्वीर को अलग-अलग साइट्स ने अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए इस्तेमाल कर लिया।

---

**अहसास**

**लेना चाहते हैं कैदियों वाली फीलिंग**

# इस 'जेल' में जाकर खाना खाने को बेताब हैं लोग

**नोएडा।** घर के बाहर जाकर खाना में केवल स्वाद ही मुद्दा नहीं होता है। लोग अलग तरह का अहसास भी चाहते हैं। कहीं लोग बहुत अच्छी मेहमानवाजी की उम्मीद करते हैं तो कहीं वीआईपी ट्रीटमेंट की। लेकिन, एक रेस्टोरेंट अनूठी थीम का है। यह उन लोगों के लिए है जो जेल में रहना का अहसास करना चाहते हैं। बेंगलुरू का यह रेस्टोरेंट बिल्कुल एक जेल की तरह है। इसका नाम भी सेंट्रल जेल रेस्टोरेंट है और यहां पहुंच कर आपको लगेगा कि आप वाकई किसी जेल में तो नहीं आ गए हैं। लोग भी यहां आकर खाना खाने को बेताब रहते हैं और उन्हें इसकी खास और अलग तरह की फीलिंग पसंद आती है। यहां पहुंच कर आपको लगेगा कि आप वाकई किसी जेल में तो नहीं आ गए हैं।




### जोरदार शुरुआत

रेस्टोरेंट का आकर्षण इसकी एंट्रेंस से ही शुरू हो जाता है। यहां हम किसी भी आम रेस्टोरेंट की तरह का बड़ा दरवाज़ा नहीं, बल्कि एक जेल का बड़ा दरवाजा देखते हैं, जिसके छोटे से दरवाजे से अंदर घुसा जा सकता है। यहां भी ऐसा ही होता है, बाहर एक संतरी का पुतला भी दिखाई देता है, जो जेल की पहरेदारी करता दिखाई देता है।

### अंदर भी जेल का माहौल

अंदर घुसते हुए एक शख्स आपका स्वागत करता है, लेकिन वह किसी वेटर के भेस में नहीं, बल्कि जेल के इंस्पेक्टर की पोशाक में होता है। अंदर घुसने के बाद भी आपको पूरा का पूरा जेल का माहौल मिलेगा। लेकिन, अगर दूसरे रेस्टोरेंट की तरह आम सुविधा चाहते हैं तो यहां ऐसा कमरा भी मिलेगा, जिसमें आप समूह में दूसरे कस्टमर्स के साथ बैठ सकते हैं। लेकिन, टेबल कुर्सी वैसी ही होंगी जैसी कि जेल में होती हैं। इसके अलावा पार्टी के लिए अलग से बड़े कमरे भी हैं, जहां एक बड़ी से टेबल में बहुत सारी कुर्सियां लगी हैं।

### वेटर भी कैदी की तरह

इतना ही नहीं, आपको पास की सलाखों में लड़की हथकड़ियां भी मिलेंगे, जिन्हें आप खुद पहन कर जेल वाली फीलिंग ले सकते हैं। रेस्टोरेंट में वेटर कैदियों की पोशक में दिखाई देंगे, जिससे आपको पूरी तरह से लग सके कि आप जेल में हैं। इतना ही नहीं, रेस्टोरेंट के कई बर्तन भी उसी आकार प्रकार के मिलेंगे जैसे कि जेल में कैदियों को मिलते हैं।



### कई कैफे रेस्टोरेंट हैं देश में

रोचक बात ये है कि यह भारत का इकलौता ऐसा रेस्टोरेंट नहीं हैं। देश में कई कैफे रेस्टोरेंट हैं जो इस थीम पर बने हैं। नोएडा में भी ऐसा ही एक जेल कैफे है, जो इसी थीम पर है। देश के कुछ और शहरों में भी ऐसे रेस्टोरेंट या कैफ बताए जाते हैं। इन रेस्टोरेंट में जेल थीम के साथ अंदर की अनूठी सजावटें भी देखने को मिलती हैं। पर एक सवाल जो सबसे अहम हो जाता है, वह टेस्ट का है और इसके लिए तो आपको वहां जाकर ही फूड ट्राय करना होगा।

# जो पहले बताई गई थी, उससे कहीं कम है ब्रह्माण्ड की उम्र



**लंदन।** दुनिया कब खत्म होगी इस पर तो कई लोगों ने अलग-अलग तारीखें बताई हैं। वैज्ञानिक भी समय समय पर पृथ्वी के आखिरी दिन के हालात का अनुमान लगाते रहते हैं। पर ब्रह्माण्ड कब खत्म होगा इस पर बात कम होती है। वैज्ञानिकों ने ब्रह्माण्ड के अंत की कुछ संभावनाएं बताई हैं। उन्होंने पहले भी इस बात का अनुमान लगाया है कि यह कब होगा। नए स्टडी में भी बताया गया है कि ऐसा कब हो पाएगा। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि उनका नया अनुमान पुराने अनुमान से काफी छोटा है। इतना ही नहीं, शोधकर्ताओं ने यह भी बताया है कि ऐसा कैसे और क्यों होगा और पुराने और नए अनुमान में इतना अंतर क्यों है!

नीदरलैंड की रोडबाउंड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का दावा है कि ब्रह्माण्ड पूरी तरह खत्म होने में क्विनविजिनटिलियन साल का समय लगा देगा। इस संख्या में एक के बाद 78 शून्य होते हैं। अगर इसी तुलना ब्रह्माण्ड की वर्तमान उम्र से करें तो फिलहाल उसकी उम्र करीब 13 अरब साल है। एक अरब में एक के आगे 9 शून्य होते हैं।

### सभी में होता है एक खास विकिरण!

लेकिन, इस अध्ययन में शोधकर्ताओं का कहना है कि ब्लैक होल हॉकिंग विकिरण से खत्म होते हैं जिससे उनका अंत हो जाता है। हॉकिंग ने बताया था कि ब्लैक होल से भी कई कण छूट के निकल भागते हैं, इसे ही हॉकिंग विकिरण कहा जाता है। इससे ब्लैक होल धीरे धीरे खत्म होने लगते हैं। ऐसा न्यूट्रॉन और सफेद बौने तारों के साथ भी होता है। तारों के जीवन चक्र में उनका अंत उनके आकार पर निर्भर होता है, छोटे तारे सफेद बौने बनते हैं, बड़े न्यूट्रॉन तारे बनते हैं।

# बत्तख या खरगोश, पहले क्या दिखा? वैज्ञानिकों ने बताई ऑप्टिकल इल्यूजन की सच्चाई!

**नई दिल्ली।** उम्र चाहे जो हो, दिमाग की चालाकी और नजर का जादू हर किसी को हैरान कर सकता है। कई लोग तस्वीरों को देखकर फटाफट राय बना लेते हैं, लेकिन कुछ तस्वीरें ऐसी होती हैं जो दिमाग को उलझा देती हैं। आज हम आपको एक ऐसे ऑप्टिकल इल्यूजन के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1892 से लोगों को चकमा दे रहा है। खरगोश है या बत्तख? यह सवाल आपकी पर्सनैलिटी के बारे में क्या कहता है? सोशल मीडिया पर इसके दावों ने धूम मचा रखी है, लेकिन वैज्ञानिकों ने इनकी असलियत सामने लाकर सबको चौंका दिया है।



### कुछ को बत्तख दिखता है, तो कुछ को खरगोश

बता दें कि 1892 में एक अनजान जर्मन कलाकार ने इस खरगोश-बत्तख इल्यूजन को बनाया, जो आज भी लोगों को दो खेमों में बांट देता है। कुछ को तस्वीर में बत्तख दिखता है, तो कुछ को खरगोश। सोशल मीडिया पर दावा है कि अगर आप पहले बत्तख देखते हैं, तो आप खुशमिजाज और इमोशनली स्टेबल हैं।

### सच लगता है, लेकिन सबूतों से है खाली

वायरल हो रहे इस ऑप्टिकल इल्यूजन की सच्चाई को लेकर रिचर्ड वाइजमैन और एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी की कैरोलिन वॉट ने 18 से 79 साल के 300 लोगों पर स्टडी की। उन्होंने सभी को चार मशहूर ऑप्टिकल इल्यूजन्स 'खरगोश-बत्तख, रुबिन्स वेस, यंगर-ओल्डर वुमन और हॉर्स-सील' दिखाए। हर तस्वीर में लोगों ने बताया कि उन्हें सबसे पहले क्या दिखा- जैसे बत्तख, खरगोश, या कुछ और? फिर उन्होंने पर्सनैलिटी और सोचने के तरीके पर सवाल पूछे, जैसे खुशमिजाजी, काम टालना, बारीकी से सोचना या फैसले लेना। नतीजों ने सोशल मीडिया के दावों को पूरी तरह गलत साबित कर दिया।

**गर्मी** | साल 2008 में 66.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था

# दुनिया की सबसे गर्म जगहें, कुछ समय में ही हो सकती है मौत

**वॉशिंगटन।** दुनिया के कई देश इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। भारत के कई राज्यों में भी भीषण गर्मी और लू से लोग परेशान हैं। हम आपको अपनी खबर में दुनिया की सबसे गर्म जगहों के बारे में बताएंगे। इन जगहों पर इतनी भयानक गर्मी पड़ती है कि किसी की जान भी जा सकती है। यह स्थान इतने गर्म होते हैं कि यहां पर 10 मिनट में इंसान बीमार पड़ सकता है या कुछ घंटों में ही उसकी मौत हो सकती है।

**सहारा रेगिस्तान, अफ्रीका :** दुनिया की सबसे गर्म स्थानों में अफ्रीका का सहारा रेगिस्तान भी शामिल है। इस स्थान का औसत तापमान 35 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। पूरे साल यहां 100 मिलिमीटर से भी कम बारिश होती है, जो न के बराबर है। सहारा रेगिस्तान में अधिकतम तापमान 58 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि सतह का तापमान 76 डिग्री सेल्यिस रिकॉर्ड किया गया है। सहारा दुनिया का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान है।



### फ्लेमिंग माउंटेन, चीन

चीन का फ्लेमिंग माउंटेन टकलामाकेन रेगिस्तान के उत्तरी इलाके में स्थित है। शिनजियांग प्रांत के तियान शान में स्थित लाल सैंडस्टोन्स की पहाड़ियों को फ्लेमिंग माउंटेंस या हुओयान माउंटेंस भी कहा जाता है। इस पहाड़ की लंबाई 100 किलोमीटर और चौड़ाई 5 से 10 किलोमीटर है। इस जगह गर्मी के दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। बताया जाता है कि साल 2008 में इस इलाके में 66.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### डेथ वैली, कैलिफोर्निया

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की डेथ वैली दुनिया की सबसे ज्यादा गर्म जगहों में से एक है। यहां पर 10 जुलाई 1913 में सबसे अधिक तापमान का रिकॉर्ड बना था। उस समय डेथ वैली के फरनेस क्रीक नामक जगह पर अधिकतम तापमान 56.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। फिलहाल यहां पर 37 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है। यहां पर गर्मी की कई वजहे हैं जिनमें सूरज की गर्मी, घाटी में गर्म हवाओं का बाहर नहीं जा पाना और फंसकर घूमते रहना है। इसके साथ ही इसके आसपास रेगिस्तान मौजूद हैं, जहां से गर्म हवाएं आती हैं।

# हाथी पर दूल्हा, ऊंट गाड़ी पर बाराती बारात को मुड़-मुड़कर देखते रहे लोग



**झुंझुनूं।** अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए लोग नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसी तर्ज पर राजस्थानी अंदाज में एक बारात लगाई गई। अनोखी बारात को राह चलते लोग मुड़-मुड़कर देखने लगे। बारात में दूल्हा किसी आलीशान कार या बग्घी पर नहीं, बल्कि हाथी पर सवार होकर निकला। दूल्हे का शाही अंदाज और ऊंट गाड़ियों पर दुल्हन के दरवाजे पर पहुंचे बारातियों पर जिसकी नजर पड़ी, वह देखता रह गया।

झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ उपखंड के काकोड़ा ग्राम पंचायत के गोलियों की ढाणी से सूरजगढ़ के लोटिया मोड पर पहुंची। अनूठी बारात चर्चा हर जगह हो रही है। काकोड़ा पंचायत से योगेश झाझडिया की बारात ऊंट गाड़ियों पर सवार होकर लोटिया मोड़ पहुंची, जहां दुल्हन ममता के परिवार ने बारातियों का भव्य स्वागत किया।

### रंग-बिरंगे कपड़ों ने जमाया रंग

काकोड़ा पंचायत के गोलियों की ढाणी से शुरू हुई योगेश झाझडिया की बारात ऊंट गाड़ियों पर सवार होकर सूरजगढ़ के लोटिया मोड़ पहुंची। इन ऊंट गाड़ियों को फूलों और रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया गया था। जो पुरानी राजस्थानी परंपराओं की याद दिला रहा था। लेकिन असली आकर्षण तब रहा, जब दूल्हा योगेश ने पारंपरिक वेशभूषा में हाथी पर सवार होकर तोरण मारा।दुल्हन ममता के परिवार ने बारात का भव्य स्वागत किया और इस दृश्य ने हर किसी का दिल जीत लिया।

### चर्चाओं में आई बारात

अनोखी बारात ने सूरजगढ़ ही नहीं, बल्कि आसपास के इलाकों में भी खूब सुर्खियां बटोरीं. बुजुर्गों को पुराने जमाने की यादें ताजा हो गईं, तो युवाओं ने इस अनोखे अंदाज को उत्साह के साथ अपनाया. स्थानीय लोगों ने इसे सादगी और संस्कृति के सम्मान का प्रतीक बताया।

### मां की इच्छा थी अनोखी बारात हो

दूल्हे की मां, सुमन देवी ने कहा कि मैं हमेशा से चाहती थी कि मेरे बेटे की बारात कुछ अलग और यादगार हो। हमारी पुरानी परंपराएं आज भी उतनी ही खूबसूरत हैं, और हमने इसे जीवंत करने का फैसला किया। दूल्हे योगेश, दुल्हन ममता और दोनों परिवारों की साझा सोच का नतीजा था। दूल्हा योगेश झाझडिया एक पशु चिकित्सक हैं, जबकि दुल्हन ममता बीएससी की छात्रा हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
INDIA'S ULTIMATE DRIVING THRILL,
IS ALSO NOW INDIA'S FASTEST-SELLING CAR.
FRONX
INDIA'S FASTEST
3 LAKH SALES#
FRONX
THRILL HAS A NEW SHAPE
1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid
360 View Camera
Head Up Display
NEXTre' Rear Combination Lights
In-Built Suzuki Connect
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹90 000**
VELOCITY EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO ₹43 000**
EXCHANGE OFFER UP TO ₹10 000**
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU!
e-book today @ www.nexaexperience.com
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stock lasts. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Creative Visualization. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #Claim verified by independent research agency JATO DYNAMICS Limited dated 1st April 2025 for fastest to 3 Lakh Sales in the Industry since launch.

## चिंतन

# महंगाई कम हुई, अब विकास को रफ्तार देने का समय

आखिरकार वो खबर आ ही गई जिसका लंबे समय से इंतजार था। अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05 प्रतिशत से घटकर 0.85 पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53 फीसदी पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 मई को ये आंकड़े जारी किए। फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38 फसदी से बढ़ाकर 2.45 प्रतिशत कर दिया गया था। महंगाई घटने का सबसे सीधा और महत्वपूर्ण लाभ यह होता है कि लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हो जाती है। जब चीजें सस्ती होती हैं तो लोगों के पास अधिक पैसा बचता है, जिससे वे अपने रोजमर्रा के खर्चों के अलावा, अन्य आवश्यक और गैर-जरूरी चीजों पर भी खर्च कर सकते हैं। इसका सीधा असर बाजार पर होता है। अगर खपत बढ़ती है तो उत्पाद बढ़ता है। रोजगार के साधन के अलावा बाजार में पैसे का प्रवाह भी तेज गति से होता है। महंगाई में कमी से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। जब लोग अधिक खर्च करते हैं, तो इससे मांग बढ़ती है। यह मांग व्यवसायों को अधिक उत्पादन करने के लिए प्रेरित करती है। महंगाई घटने के अनेक कारक हैं। अप्रैल 2025 में, खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से महंगाई दर में कमी आई है। खासकर सब्जियों, फलों, दालों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे आम लोगों को राहत मिली है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। महंगाई कम होने के बहुत लाभ हैं। न केवल आम जनमानस को राहत मिलती है बल्कि आम आदमी की क्रय शक्ति में भी वृद्धि होती है। महंगाई घटने से ब्याज दरें भी कम हो सकती हैं। जब महंगाई कम होती है तो केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को घटा देते हैं, जिससे निवेश और ऋण लेने में आसानी होती है। इससे अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश होता है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई में कमी से शेयर बाजार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब महंगाई कम होती है, तो निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, और वे शेयर बाजार में अधिक निवेश करते हैं। कम महंगाई से सरकार के खजाने में भी वृद्धि होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम महंगाई से कर राजस्व में वृद्धि होती है, क्योंकि लोग अधिक बचत कर रहे हैं और अधिक खर्च कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था भी स्थिर रहती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह एक स्वस्थ आर्थिक माहौल बनाता है, जो निवेश, व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। महंगाई कम होने का सीधा लाभ सरकार को भी मिलता है। कम महंगाई से समाज में भी स्थिरता आती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह लोगों को संतुष्ट करता है और वे सरकार के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। अब यक्ष प्रश्न यह है कि किसी भी तरह से महंगाई को काबू में ही रखा जाए। वैसे भी पूर्व अनुमानों में मानसून को बेहतर बताया गया है। हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 16 प्रतिशत है और लगभग 50 फीसदी जनसंख्या इस पर निर्भर है। अगर मानसून बेहतर रहता है तो इससे सीधे-सीधे किसान की और ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहतर होती है। अब रिजर्व बैंक को भी चाहिए कि कम हुई महंगाई को देखते हुए ब्याज दरों में कटौती करे, जिससे बैंक कर्ज सस्ते हों और बाजार में तेजी आए। तभी महंगाई की कमी का सही लाभ आम आदमी को मिल पाएगा।

# युद्ध हमेशा त्रासदियां ही लाती हैं



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों के धर्म पूछकर हत्या करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बड़ी तेजी से तनाव बढ़ा था। सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में जब लोगों के प्रतिक्रियाओं को इस माध्यम के जरिए बड़ी तेजी से विस्तार मिल रहा है तब इस घटना की व्यापक प्रतिक्रिया विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर देखी गई। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर लोग सरकार पर इस हमले का बदला लेने का लगातार दबाव डालने लगे वहीं कुछ यूजर्स इस मसले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी तंज कसने से पीछे नहीं हटे। इधर भारतीय सेना ने 6 और 7 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चल रहे आतंकियों के ट्रेनिंग सेंटर और ठीकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से सर्जिकल स्ट्राइक कर अनेक खूंखार आतंकियों को मार गिराया। भारत के इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में बौखलाहट बढ़ गई और उसने एलओसी और भारत के सीमावर्ती इलाकों में मिसाइलें दागी व ड्रोन छोड़े। भारतीय सेना ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया फलस्वरूप पाकिस्तान के पैर बड़ी तेजी से उखड़ने लगे। दोनों देशों के बीच यह युद्ध महज चार दिनों तक चला और पाकिस्तानी सेना के पहल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के बाद आखिरकार 10 मई को शाम पांच बजे युद्धविराम की घोषणा हो गई। भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाला यह सबसे छोटा युद्ध था जिसने पूरी दुनिया को भारत के सामरिक शक्ति, सटीक सैन्य रणनीति, रक्षा प्रणाली तथा किसी भी युद्ध और आपदा में पूरे देश की एकजुटता से परिचित करा दिया।

इधर बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच जारी युद्ध पर सीज़फायर के बाद सोशल मीडिया यूजर्स एक बार फिर से केंद्र सरकार पर पिल पड़े हैं और इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ट्रोल करने लगे। सोशल मीडिया पर गौर करें तो युद्धोन्मादी ट्रोलर्स प्रधानमंत्री पद की गरिमा को बालाए- ताक रखकर नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट और मीम शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं जो शुरुआत में जंग का विरोध करते देखे गए लेकिन सीजफायर के बाद मोदी सरकार को ट्रम्प की आड़ में उलाहना देते नजर आए मतलब 'चित भी मेरी और पट भी मेरी'। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशवासियों को भरोसा दिलाया था कि ' हमला करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगी और उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।' मतलब साफ था कि भारत का एक्शन आतंकवादी संगठनों और उनके ठिकानों पर होगी और भारतीय सेना ने वही किया। इसके मद्देनजर युद्धविराम पर प्रधानमंत्री मोदी को ट्रोल करने वाले सोशल मीडिया वीरों को समझना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे चरण का लक्ष्य खीझे हुए पाकिस्तानी सेना के हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देना था न कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध का ऐलान था। इसके तहत भारतीय सेना के तीनों अंगों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमले को हवा में ही नेस्तनाबूद कर दिया वहीं गोलीबारी का भी मुंहतोड़ जवाब दिया फलस्वरूप पाक सेना बैकफुट पर नजर आई। इधर भारतीय सेना और सुरक्षा बल पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने बड़े शिद्दत से जुटी हुई है उम्मीद है आगे चलकर वे और उनके मददगार पकड़े भी जाएंगे। सोशल मीडिया के ट्रोल आर्मी और राजनीतिक दलों के नेताओं व आईटी सेल को यह भी समझना होगा कि भारत कोई भी युद्ध रणनीति, कूटनीति और राष्ट्रनीति से लड़ता है लिहाजा सीज़फायर पर टिप्पणी करने के पहले सेना के शौर्य व सैन्य रणनीति के बारे में भी विचार करें! आखिरकार युद्ध हो या शांतिकाल हमारी सेना ही सरहदों पर डटी रहती है।



सोशल मीडिया यूजर्स को समझना होगा कि भारत - पाक युद्ध कोई दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच नहीं है जो इसे ड्राइंग रूम में बैठकर लुत्फ उठाने के लिए टेलीविजन पर देखा जाए। इधर सेना ने स्पष्ट कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है यदि पाकिस्तान ने सीज़फायर का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के खिलाफ नीति बन चुकी है। सीजफायर को लेकर जारी आरोप - प्रत्यारोप, तंज और सियासत को परे रख दें तो भारत ने बीते 7 मई से 10 मई के बीच अपने सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को आतंकियों के समर्थन देने के करतूत पर जो सबक सिखाया है वह तत्कालिक तौर पर सबसे उचित कदम है। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लगाए गए सिंधु जल समझौता स्थगन सहित अन्य बंदिशें आगे भी ज़ारी रहेंगे। दरअसल भारत एक बड़ी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है जिसके आगे चलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है जबकि पाकिस्तान एक कर्ज में डूबा बदहाल देश है। इस लिहाज से देखें तो लंबे युद्ध के लिए हथियार, गोला-बारूद, इंधन चाहिए जिसके चलते भारत पर सैन्य खर्च बढ़ेगा जिसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर पड़ना लाजिमी है।

वैश्विक परिदृश्य पर गौर करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ नीति चलते दुनिया इन दिनों 'ट्रेड वॉर' के गिरफ्त में है। इस व्यापार युद्ध में सबसे ज्यादा संभावना भारत की है लिहाजा आज की परिस्थिति में पाकिस्तान के साथ लंबा जंग आर्थिक तौर पर भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के बाद वहां लोकसभा, विधानसभा और जिला परिषदों के चुनाव हुए हैं जिसमें कश्मीरी आवाम ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। कश्मीर में लोगों का भरोसा जहां भारतीय जम्हूरियत के प्रति बढ़ा है वहीं किशोरों और युवाओं के हाथों में अब पत्थर की जगह किताब और रोजगार है। दरअसल पाकिस्तान जम्मू - कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली और विकास से बौखलाहट में है लिहाजा वह भारत को युद्ध के लिए उकसा रहा है। पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछकर किया गया आतंकी हमला भी पाकिस्तान के इसी रणनीति का हिस्सा है जिसमें वह चाहता है कि जम्मू - कश्मीर में सांप्रदायिक तनाव बढ़े लेकिन कश्मीरी आवाम ने जिस तरह से पाक परस्त आतंकी हमले का विरोध किया उससे पाकिस्तानी मंसूबों पर पानी फिर गया।

इधर भारत के साथ दुविधा यह भी है कि यदि युद्ध लंबा खींचा तो पाकिस्तान की कंगाली या संभावित हार के मद्देनजर चीन पाकिस्तान को सैन्य सहायता दे सकता है। यह भी विचारणीय है कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं जिसके चलते पाकिस्तान जहां की हुकूमत सेना और मजहबी कट्टरपंथियों के इशारे पर चलती है वह जंग में हार को देखते हुए इस शक्ति के इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकेगी।

इतिहास गवाह है कि युद्ध में कभी किसी की विजय नहीं होती लेकिन हार हमेशा मानवता की ही होती है। विश्वयुद्ध से लेकर देशों के बीच हुए जंग के नतीजे गवाह हैं कि इन विभिषिकाओं को हमेशा आने वाली पीढ़ी दशकों भोगती है। इस जंग में उन बेकसूर युवा, बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों की जानें जाती है जिनका कोई वास्ता इस युद्ध के जीत या हार से नहीं होता। पहले विश्वयुद्ध में एक करोड़ से अधिक लोग मरे तो दूसरे विश्वयुद्ध में 5.5 करोड़ लोगों की मौत हुई तथा 3.5 करोड़ लोग जख्मी हुए।युद्ध के कोख से ही शरणार्थी जन्म लेते हैं जिन्हें अन्य देशों में शरण लेना पड़ता है।इन शरणार्थियों की नियती शरण लेने वाले देश में की दोयम दर्जे के आदमी की बन जाती है जहां उसे रोटी, कपड़ा और सर पर छत के लिए स्थानीय प्रशासन के रहमो-करम पर निर्भर होने के लिए मजबूर हो जाता है। साल 1971 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के समय हजारों पूर्वी पाकिस्तानी पलायन कर भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए थे। दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है जो शरण दिए देशों के लिए बोझ साबित हो रहे है। युद्ध का असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है फलस्वरूप महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती है। युद्ध की विभीषिका पलायन, अशिक्षा, बेरोजगारी, बीमारी, भूखमरी, कुपोषण, महामारी और गरीबी का भी मर्ज देती है जिसका दर्द युद्ध पीड़ितों को दशकों-सदियों पीढ़ी दर पीढ़ी सालते रहता है। युद्ध के इन सबकों से दुनिया के शासकों ने कोई सीख नहीं लिया अलबत्ता दुनिया के महापुरुषों, लेखकों और चिंतकों ने अपने जीवन दर्शन, विचारों और साहित्यों में इस मानवीय प्रलय के प्रति बार-बार आगाह किया है। मानव इतिहास पर नजर डालें तो युद्ध से कभी मसले हल नहीं होते बल्कि यह केवल विभिषिका और प्रलाप ही लेकर आता है। बहरहाल 'विकसित भारत - 2047' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को शांति और एकजुटता के राह में ही चलना होगा लिहाजा हालिया युद्धविराम एक सार्थक फैसला है।

## ऑपरेशन सिंदूर
राजेश जैन



# भारत की रणनीतिक विजय है संघर्ष विराम

दस मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बदल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्ष विराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। लेकिन संघर्ष विराम की यह पहल चाहे पाकिस्तान की रही हो या अमेरिका की मध्यस्थता से हुई हो अथवा भारत की रणनीतिक संतुलन साधने की चतुराई रही हो, एक बात तय है कि इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्ष विराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। इस दौरान भारत ने ब्रह्मोस जैसे एडवांस हथियारों के उपयोग के जरिए अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। देश ने आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन हासिल किया और पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफल रहा। इस दौरान चीन के हथियारों की प्रभावशीलता को चुनौती दी, जिससे उसकी छवि को झटका लगा। भारत कूटनीति और सैन्य शक्ति का संतुलन साधते हुए संघर्ष को सीमित रखने में भी सफल रहा। 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सामरिक ठिकानों पर स्कैल्प, हेमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से हमला किया। ब्रह्मोस का उपयोग पहली बार सुखोई-30 जैसे फाइटर जेट से किया गया। इससे पाकिस्तान को स्पष्ट संकेत दिया कि भारत अब पारंपरिक जवाबी हमलों से आगे निकल चुका है। पाकिस्तान को आशंका हुई कि भारत अगला निशाना उसके परमाणु ठिकानों और आर्मी कमांड सेंटर्स पर साध सकता है। यह डर इतना गहरा था कि पाकिस्तान को अमेरिका की 'हॉटलाइन' पर मदद लेनी पड़ी। अमेरिका ने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए इस्लामाबाद से संघर्ष रोकने को कहा। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के डायरेक्टर ऑफ़ मिलिट्री ऑपरेशन्स डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत हुई और शाम तक सीजफायर पर सहमति बन गई। एक अन्य महत्वपूर्ण थ्योरी के मुताबिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर इस संघर्ष को रोकने की सलाह दी। अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव परमाणु संघर्ष में तब्दील हो सकता है। वेंस के फोन कॉल के बाद भारत और पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिकों और सुरक्षा सलाहकारों के बीच कई दौर की बातचीत शुरू हुई। इस थ्योरी से यह संकेत मिलता है कि भारत वैश्विक दबाव को नजरअंदाज नहीं कर रहा था, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि भारत पीछे हटा बल्कि यह संकेत है कि भारत अपनी स्थिति स्पष्ट कर अपनी सैन्य श्रेष्ठता स्थापित करने के बाद कूटनीतिक समाधान की ओर बढ़ा। संघर्ष विराम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भूमिका उजागर होती है। भारत की सख्त आपत्ति के बावजूद आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी किया। भारत ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान इस धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कर सकता है। कई विश्लेषकों का मानना है कि आईएमएफ द्वारा यह लोन जारी करने की शर्त ही संघर्ष विराम रही हो। अमेरिका आईएमएफ के निर्णयों पर भारी प्रभाव रखता है और यह संभव है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को लोन के बदले संघर्ष विराम के लिए राजी किया हो। यह कूटनीति भारत के लिए लाभदायक रही, क्योंकि बिना अतिरिक्त सैन्य नुकसान के पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। सीजफायर के पीछे एक चौथा दिलचस्प पक्ष चीन से जुड़ा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ जिन हथियारों का प्रयोग किया जेएफ -17, पीएल-15 मिसाइल, एचक्यू -9 डिफेंस सिस्टम, वे सभी चीन से प्राप्त थे। भारत ने अपनी एयर डिफेंस प्रणाली के माध्यम से इन हथियारों को नाकाम किया, जिससे चीन के हथियारों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए। चीन को डर था कि उसके हथियारों की असफलता से उसकी वैश्विक हथियार बाज़ार में छवि को गंभीर नुकसान होगा। इसलिए चीन ने पाकिस्तान पर सीजफायर के लिए दबाव डाला। भारत ने अपने मिलिट्री रिस्पांस पूरी करने के बाद ही संघर्ष विराम की दिशा में कदम बढ़ाया। भारत ने स्पष्ट किया कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अपनी सुरक्षा और जवाबी कार्रवाई में कोई कोताही भी नहीं बरतेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकीर्णता अधर्म है विष है



संकलित
**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये। जैन धर्म को ही ले लीजिये श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानक वासी मूर्ति पूजक तेरा पंथी आदि बड़े बड़े विभाग तो है ही इसमें भी संप्रदाय और उप संप्रदायों का एक विशाल समूह खड़ा है।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना मांगे सब कुछ दिया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत की सहनशीलता

पहलगाम की घटना के बाद आवेश में भारत ने संयम बरतने का परिचय दिया। जिस तरह से बेरहमी पूर्वक निर्दोष लोगों की आतंकियों ने नृशंस हत्या की है। वह निंदनीय थी। मोदी ने कहा कि ट्रेड– टेरर और टाक एक साथ नही चलने वाला है। भारत बात सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पाकिस्तान हर बार न्यूक्लियर की धमकी देता आ रहा है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि अब परमाणु धमकी कभी भी सहन करने वाला नही है। पाकिस्तान को करारा जवाब मिलता रहेगा। भारतीय सेना का मनोबल न तो तोड़ा जाएगा और न ही लाख कोशिश के बाद भी उसे भेद सकेगा। भारत ने वीरता दिखाई और सेना के शौर्य और पराक्रम के लिए मोदी ने उन्हें धन्यवाद दिया। पाकिस्तान ने आतंकी गतिविधिया और सैन्य दुस्साहस नही दिखाने की शर्त पर सीजफायर स्थगित किया गया है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



माँ भारती के अमर सपूत, स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले महान योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पावन जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन! अधर्म व आतताइयों के विरुद्ध उनका असाधारण संघर्ष युग-युगांतर तक हर भारत वासी को प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### समरसता न बिगड़े



मध्यप्रदेश के मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़े।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### न्यायमूर्ति गवई को बधाई



उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को हार्दिक बधाई। आशा है कि उनका कार्यकाल न्याय के उच्चतम आदर्शों को कायम रखेगा व न्यायपालिका में लोगों का विश्वास मजबूत करेगा।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### अस्वीकार्य बयान



प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के उस मंत्री को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया, जिसने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य बयान दिया?
**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## करंट अफेयर

# भारत को अब जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत



पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले एक विशेषज्ञ ने यहां कहा कि भारत को अपने नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रम को प्रगति की दिशा में ले जाने के बाद जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर अब जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत है। सिंगापुर में आयोजित एक सम्मेलन में नयी दिल्ली स्थित काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अरुणाभ घोष ने यह बात कही। घोष ने कहा कि संसाधनों के प्रबंधन पर काम किया जा रहा है लेकिन देश भर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत है। घोष ने यहां पांच से आठ मई तक आयोजित 'इकोस्पेरिटी सप्ताह 2025' से इतर 'पीटीआई' से बातचीत में देश में जल अवसंरचना के खासकर जल जीवन मिशन के विस्तार में सुधार का उल्लेख किया। इसमें ग्रामीण इलाकों में घरों में नलों से पानी पहुंचाने की योजना है। घोष ने साथ ही यह भी कहा कि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पानी का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल किए जाने की जरूरत है जैसे कि कृषि के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 14 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र कृषि का है लेकिन देश में एक पुरानी और गैर–लाभकारी प्रथा है कि कुछ मौसमी फसलों के लिए खेतों में पानी भर देना। उन्होंने कहा कि इससे पानी की बर्बादी होती है।

## ऑफ बीट

# आपकी माफी किस तरह प्रभावशाली हो सकती है



जब आप किसी से माफी मांगते हैं तो कई बार ऐसे सही शब्द खोज पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे सामने वाले को लगे कि वाकई आप क्षमा मांग रहे हैं। लेकिन ऐसे कुछ भाषाई तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपना सटीक संदेश प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं। हम जो शब्द चुनते हैं उनकी लंबाई इस बात को प्रभावित करती है कि माफी कितनी ईमानदार से मांगी जा रही है। क्षमा को अक्सर 'हल्की बात' के रूप में वर्णित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति 'सॉरी' बोल देता है, भले ही वह वास्तव में कैसा भी महसूस करता हो। लेकिन माफी काम भी करती है। शोध से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति माफी मांगता है तो लोग बेहतर महसूस करते हैं और इस बात की संभावना अधिक होती है कि वे माफी मांगने वाले के साथ फिर से सहयोग करें।माफी को अधिक प्रेरक बनाने का एक तरीका इसे महंगा बनाना है। जब क्षमाप्रार्थी लोग पैसे, प्रयास या समय खर्च करने के रूप में लागत वहन करने को तैयार होते हैं, तो उनकी माफी को बेहतर तरीके से स्वीकार किया जाता है। साल 2009 के एक अध्ययन में पाया गया कि लोग उस तरह की माफी से अधिक आश्वस्त होते हैं जिसके लिए क्षमा मांगने वाले को पैसे खर्च करने पड़ते हैं, न कि उन माफी से जो बिना किसी लागत के दी जा सकती हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. गजिंदर कुमार गोयल**
क्लीनिकल डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

**स्पेशलः वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे, 17 मई**

आज के दौर में हाइपरटेंशन को कॉमन बीमारी मान लिया गया है, इस वजह से इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसा करने से यह कई बीमारियों का कारण बन जाता है। इसीलिए इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण, इसके लक्षणों, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं विस्तार से।

## सही लाइफस्टाइल-रेग्युलर चेकअप कंट्रोल रहेगा ब्लड प्रेशर



आधुनिक दौर में भाग-दौड़ भरी जिंदगी और बिजी लाइफस्टाइल की वजह से कई बीमारियां बहुत कॉमन हो गई हैं। इनमें से एक है हाइपरटेंशन, जिसे हाई ब्लड प्रेशर या हाई बीपी भी कहा जाता है। अमूमन हर दूसरे घर में हाइपरटेंशन से ग्रसित कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिल जाता है।

### क्या है हाइपरटेंशन

हार्ट हमारे शरीर में प्रवाहित होने वाले रक्त के लिए एक पंप के रूप में काम करता है और रक्त को ब्लड आर्टरीज में पहुंचाता है। जिनके माध्यम से रक्त पूरे शरीर में सर्कुलेट होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज यानी ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले दबाव को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब दिल सिकुड़ता है और रक्त को आर्टरीज तक जोर से बाहर भेजता है। इस समय प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले ब्लड आर्टरीज में सर्कुलेट होने लगता है। हार्ट रिलैक्स कर रहा होता है, तब भी वेंस के जरिए हार्ट में ब्लड भर रहा होता है। उस समय प्रेशर कम होता है, जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं।

### कैसे करते हैं चेक

ब्लड प्रेशर, स्फिग्मोमैनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। ब्लड प्रेशर चेक करते समय व्यक्ति का रिलैक्स होना जरूरी है। बीपी इंस्ट्रूमेंट का कफ व्यक्ति की कोहनी से ऊपर बांह में बांध कर चेक किया जाता है। बीपी इंस्ट्रूमेंट का लेवल हार्ट के लेवल पर हो। कफ बांधते समय ध्यान रखा जाता है कि वो न ज्यादा टाइट हो न ज्यादा लूज। आमतौर पर दोनों बांहों में ब्लड प्रेशर की रीडिंग समान होती है। ब्लड प्रेशर चेक करते वक्त डॉक्टर मरीज की कम से कम 3 रीडिंग लेते हैं, क्योंकि चेक कराने आए व्यक्ति का ब्लड प्रेशर कई कारणों से न चाहते हुए भी बढ़ सकता है। 4-5 मिनट के अंतराल पर दुबारा बीपी रीडिंग ली जाती है। इनमें बाद की 2 रीडिंग की एवरेज निकाली जाती है और उसे एक्चुअल ब्लड प्रेशर माना जाता है।

### बढ़ रहे हैं मामले

देखा जाए तो आजकल हाइपरटेंशन बहुत से लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पहले जहां इसे बढ़ती उम्र के साथ होने वाली बीमारियों में गिना जाता था, मौजूदा अस्वास्थ्यकर और अनियमित आधुनिक जीवनशैली की बदौलत कम उम्र के वयस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। अध्ययनों से साबित हुआ है कि हर तीन में से एक व्यक्ति को हाइपरटेंशन की समस्या है। 18 साल से ज्यादा उम्र के तकरीबन 30 प्रतिशत वयस्क हाइपरटेंशन से पीड़ित हैं। 85 प्रतिशत लोग ऐसे होते हैं, जिनमें हाइपरटेंशन के साथ कोई न कोई दूसरी बीमारियां भी जुड़ी होती हैं।

### किसे है ज्यादा रिस्क

वैसे तो महिला और पुरुष दोनों को हाई ब्लड प्रेशर का रिस्क होता है। लेकिन 50 साल से कम उम्र के पुरुषों को रिस्क ज्यादा होता है। 50 साल के बाद मेनोपॉज के बाद महिलाएं भी इसकी चपेट में आ सकती हैं, क्योंकि मेनोपॉज से पहले महिलाओं के शरीर में मौजूद एस्ट्रोजन और प्रोजेस्ट्रान हार्मोन महिलाओं को काफी हद तक हाई ब्लड प्रेशर से बचाते हैं। कुछ महिलाओं को जिन्हें प्रेगनेंसी के दौरान हाई ब्लड प्रेशर होता है, उनमें बाद में हाइपरटेंशन होने की टेंडेंसी ज्यादा होती है।

### हाई बीपी के कारण

कारणों के आधार पर एक्सपर्ट्स हाइपरटेंशन दो तरह का मानते हैं।

**प्राइमरी या एसेंशियल हाइपरटेंशनः** हाइपरटेंशन के 90 प्रतिशत से ज्यादा मामले ऐसे होते हैं, जिनमें कोई विशेष कारण नहीं होता। मूलतया बढ़ती उम्र और अस्वास्थ्यकर गलत आदतों की वजह से हाइपरटेंशन होता है जैसे- अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खान-पान (फास्ट या जंक फूड या फैटी फूड का सेवन अधिक करना), खाने में नमक की अधिकता, वजन ज्यादा होना, एक्सरसाइज या व्यायाम न करना, पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव, स्मोकिंग या एल्कोहल का सेवन ज्यादा करना।

**सेकेंडरी हाइपरटेंशनः** किसी गंभीर बीमारी या विशेष कारणों की वजह से हाइपरटेंशन के कुल 10 प्रतिशत मामले सेकेंडरी हाइपरटेंशन के होते हैं जैसे- कॉलेस्ट्रॉल बढ़ने से आर्टरीज का ब्लॉक होना, किडनी की बीमारियां, गर्भावस्था में ब्लड प्रेशर ज्यादा होना, थायरॉइड, स्लीप एपनिया, ब्रेन में सूजन या ट्यूमर होना, हार्मोनल असंतुलन, फैमिली हिस्ट्री होना।

### प्रमुख लक्षण

आमतौर पर मरीज को तेज सिर दर्द होना (सुबह के समय ज्यादा होना), सिर में भारीपन, नजर धुंधली होना, दिल की धड़कन तेज होना, चेस्ट पेन होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना, थकावट होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन लंबे समय तक हाइपरटेंशन रहने पर मरीज को कई तरह की जटिलताएं होने की संभावना रहती है। हार्ट डिजीज, हार्ट अटैक, आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन स्ट्रोक होना, पैरालाइसिस होने का खतरा रहता है, किडनी डैमेज होना, पैरों की आर्टरीज में भी ब्लॉकेज होने, आंखों में रेटिनोपैथी, रेटिनल हैमरेज या ब्लीडिंग होने या आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

### ब्लड प्रेशर रीडिंग क्या है



मेडिकल गाइडलाइन के मुताबिक ब्लड प्रेशर की चार स्टेज हैं।

**नॉर्मल ब्लड प्रेशरः** इसमें ब्लड प्रेशर 120/70 मिमी एचजी होता है। यानी 120 सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और 70 डायस्टोलिक।

**लो ब्लड प्रेशरः** इसमें ब्लड प्रेशर 120/70 मिमीएचजी से कम होता है।

**एलिवेटेड ब्लड प्रेशर या प्री-हाइपरटेंशनः** इसमें व्यक्ति का सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120/140 के बीच और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 70-90 के बीच में होता है।

**हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशरः** ब्लड प्रेशर 140/90 मिमीएचजी या उससे अधिक हो। यानी सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 से ज्यादा और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 90 से ज्यादा हो।

### उपचार के तरीके

हाई ब्लड प्रेशर होने पर डॉक्टर को तुरंत कंसल्ट करके उपचार शुरू करना चाहिए। ऐसे में किसी भी तरह की कोताही बरतना या लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन करके स्थिति में सुधार लाने का इंतजार करना खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर मरीज की स्थिति, उम्र और वजन के हिसाब से मेडिसिन देते हैं। शुरू में मेडिसिन की लो-डोज दी जाती हैं, धीरे-धीरे उसकी डोज बढ़ाते हैं। साथ ही मरीज को हाइपरटेंशन कंट्रोल करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली नियमपूर्वक अपनाने के निर्देश देते हैं। आमतौर पर मेडिसिन लंबे समय तक चलती हैं। लेकिन नई मेडिकल गाइडलाइन के मुताबिक अगर मरीज का ब्लड प्रेशर 120 से कम रहने लग जाए, तो मेडिसिन की डोज कम और स्थिति के हिसाब से बंद भी कर दी जाती हैं। प्री-हाइपरटेंशन वाले मरीजों को डॉक्टर पहले 3 महीने तक सख्ती से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का निर्देश देते हैं। ब्लड प्रेशर नॉर्मल न होने की स्थिति में मेडिसिन शुरू करनी पड़ती हैं।

### बचाव के तरीके

- लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और रेग्युलर हेल्थ चेकअप से हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचा जा सकता है।
- अपने ब्लड प्रेशर स्टेटस को जानें। इसके लिए रेग्युलर ब्लड प्रेशर चेक कराते रहें।
- अगर आप प्री-हाइपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाएं। सेडेंटरी (निष्क्रिय) लाइफस्टाइल से दूर रहें।
- घर का बना संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। फाइबर से भरपूर मोटे अनाज ज्यादा लें। आहार में ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियों को शामिल करें। केला, मौसंबी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटैशियम रिच फ्रूट्स का सेवन अधिक करें।
- फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से परहेज करें।
- आहार में नमक कम से कम लें। खासकर टेबल साल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, अचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम खाएं।
- चाय-कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन सीमित मात्रा में करें।
- डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें।



ब्लड प्रेशर कंट्रोल में होने पर भी डॉक्टर की सलाह पर दवाइयों में होने वाली फेर-बदल पर अमल करें।

- रेग्युलर फिजिकल चेकअप कराएं ताकि ब्लड प्रेशर से शरीर के दूसरे अंगों पर पड़ने वाले प्रभाव की यथासमय जांच भी हो जाए। अगर कोई गंभीर बीमारी हो, तो डॉक्टर से परामर्श करके उपचार कराएं। संभव है कि प्राइमरी प्रॉब्लम ठीक होने पर हाई ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में आ जाए।
- स्वस्थ वजन मेंटेन करें। रोजाना 30-45 मिनट अपनी पसंद और क्षमतानुरूप फिजिकल एक्टिविटीज, ब्रिस्क वॉक, एक्सरसाइज या योगाभ्यास करें। स्ट्रेस कम करने के लिए मेडिटेशन करें।
- एल्कोहल और स्मोकिंग से परहेज करें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

**फिटनेस / विवेक कुमार**

## कंफर्टेबल रनिंग-जॉगिंग के लिए सेलेक्ट करें परफेक्ट-फिट शूज

आप यंग हैं, मिड एज हैं या ओल्ड एजर, अगर रनिंग-जॉगिंग करते हैं तो इसके लिए परफेक्ट शूज ही सेलेक्ट करें। यह क्यों जरूरी है और परफेक्ट शूज लेने के लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए।



यह अच्छी बात है कि यंग ही नहीं मिड और ओल्ड एज के लोगों में भी हाल के वर्षों में फिटनेस को लेकर अवेयरनेस बढ़ी है। यही वजह है कि शहरों में अधिकतर पार्कों में हर उम्र के लोग रनिंग, जॉगिंग और वर्कआउट करते दिखते हैं। ये सारी फिजिकल एक्टिविटीज आप तभी आसानी से कर सकते हैं, जब आपके शूज सुटेबल और कंफर्टेबल होंगे। जी हां, बेहतर रनिंग शूज।

**इसलिए जरूरी सही शूजः** कंफर्टेबल शूज इस्तेमाल न करने के कारण दौड़ने या टहलने से जो आप हेल्थ बेनिफिट पाना चाहते हैं, उसमें देरी लग सकती है। इसके चलते आपकी एड़ी, पंजे, तलवों में अकड़न या सूजन तक हो सकती है। कई बार कमर, नितंब और गर्दन में दर्द की वजह अनकंफर्टेबल रनिंग शूज ही होते हैं। अगर रनिंग शूज सही और मन माफिक हैं तो आप ज्यादा से ज्यादा टहलना या दौड़ना चाहेंगे। कम थकेंगे और दर्द मुक्त रहेंगे जबकि अनफिट शूज के साथ ये सब करना मुश्किल होगा।



**सही रनिंग शूजः** रनिंग शूज का मतलब केवल दौड़ने वाले शूज ही नहीं होता। सामान्य रूप से जो शूज, चलने-फिरने में आरामदायक हों, एक कदम रखें तो इसका तला मुड़कर सीधा होता हुआ दूसरे कदम के लिए आपको स्वतः तैयार कर आगे बढ़ा दे। दौड़ने से न तो आप, न ही आपके पैर, पंजे, एड़ियां थकें, वही सही माने जाते हैं।

**ऐसे हों रनिंग शूजः** रनिंग शूज में पांच खासियतें होनी चाहिए। पहली, ये पैरों को आगे बढ़ाने में और संतुलन रखने में बढ़िया हों। दूसरा, पैरों को आगे तो बढ़ाते हों पर इससे ज्यादा ये हर ओर से पैर को साधे रखते हों। तीसरा, हमारी गति को इस तरह नियंत्रित करें कि हम तेज चलने के प्रयास में गिर न पड़ें, क्योंकि तलवों के रोल होने और खुलने की प्रक्रिया बहुत तेज भी हो सकती है। चौथा, अगर सड़क या पार्क पर बना जॉगिंग ट्रैक बढ़िया न हो, थोड़ा ऊबड़-खाबड़ या कंकरीला हो तो भी सुगमता से दौड़ सकें। पांचवां, शूज हल्के और आरामदेह हों।

**इन बातों का रखें ध्यानः** रनिंग शूज पहनकर अगर आप रोज रनिंग, जॉगिंग करते हैं 650 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद इसे बदल देना चाहिए। इतनी दूरी तय करने के बाद शूज की सोल पहले जैसी आरामदेह और कार्यकुशल नहीं रह जाती है। सुनिश्चित करें कि आपके अंगूठे के बगल में थोड़ा स्पेस, अंगुलियों के हिलाने-डुलाने के लिए है कि नहीं? अंगूठे की तरफ से या आगे की ओर से कोई दबाव तो नहीं पड़ रहा है। इससे आपकी अंगुलियों और पंजों में सूजन हो सकती है। *

**मौसमी फल / शिवचरण चौहान**

## गर्मी से राहत दिलाए खरबूजा

गर्मी के मौसम (अप्रैल, मई और जून) में पैदा होने और पसंद किया जाने वाला फल है-खरबूजा। खरबूजा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार आदि प्रदेशों की बलुई भूमि में बहुतायत से उत्पन्न होता है। खरबूजे का वैज्ञानिक नाम कुकुमिस मेलो है। यह कुकरबिटेसी परिवार का सदस्य है।



आयुर्वेद में खरबूजे को कफ-पित्त नाशक और शक्तिवर्द्धक माना गया है। खरबूजे में विटामिन-ए और सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। वैज्ञानिक परीक्षणों के अनुसार खरबूजे के एक सौ ग्राम गूदे में 17 कैलोरी ऊर्जा शरीर को प्राप्त होती है। 100 ग्राम में 32 मिलीग्राम कैल्शियम, 26 मिलीग्राम विटामिन-सी और 14 मिलीग्राम फास्फोरस पाया जाता है। खरबूजे के बीज भी बहुत उपयोगी होते हैं। बीजों में 36 प्रतिशत प्रोटीन, 45 प्रतिशत वसा तथा अन्य तत्व पाए जाते हैं। खरबूजे के बीजों की गिरी को बहुत चाव से खाया जाता है। मिठाइयों, शरबत और ठंडाई में भी खरबूजों के बीजों की गिरी का प्रयोग होता है। खरबूजा खाने से नेत्र ज्योति बढ़ती है। मूत्र से संबंधित रोग दूर होते हैं। प्यास मिटती है। गले के दर्द और जलन में खरबूजे का सेवन राहत देता है। यकृत की सूजन, पेट में कब्ज होने पर खरबूजे का सेवन लाभप्रद माना गया है। खरबूजा खाली पेट नहीं खाया जाना चाहिए और रात में भी नहीं खाना चाहिए। प्राकृतिक ढंग से उगाया गया खरबूजा बहुत लाभप्रद और ताजगी देने वाला है। *

**आयुर्वेद / रेखा देशराज**

## बहुपयोगी औषधीय पौधा सर्पगंधा

सर्पगंधा जिसे चंद्रप्रभा, अंधी जड़ी या नागराज के नाम से भी जाना जाता है, आयुर्वेद की सबसे प्रभावशाली जड़ी-बूटियों में से एक है।

**संरचनाः** जहां तक इसके वानस्पतिक विवरण की बात है तो यह 60 से 90 सेंटीमीटर लंबा एक झाड़ीदार पौधा है। यह बहुवर्षीय झाड़ी के रूप में विकसित होता है। इस पौधे के तने पतले, शाखायुक्त हरे और हल्के भूरे होते हैं। पत्तियां सरल अंडाकार, हरी और 7 से 10 सेंटीमीटर लंबी होती हैं। इसमें छोटे, सफेद और बैंगनी फूल लगते हैं, जो गुच्छों में होते हैं तथा इसका फल काला या बैंगनी रंग के बेर जैसा होता है। इन फलों का भी औषधीय उपयोग होता है। इसकी जड़ी लंबी, मांसल और तीव्रगंध वाली होती है, जो सबसे ज्यादा औषधीय काम की होती हैं। इसलिए ही इसे सर्पगंधा कहते हैं।



इस जड़ी बूटी में सबसे महत्वपूर्ण, इसमें पाया जाने वाला वह रासायनिक घटक है, जिसे रेसर्पीन कहते हैं। यह एक शक्तिशाली एल्केलॉयड है, जो उच्च रक्तचाप और अनेक मानसिक रोगों की चिकित्सा में प्राथमिक तौर पर इस्तेमाल होता है।

**कई रोगों में कारगरः** सर्पगंधा के चिकित्सीय उपयोग कई तरह के हैं। यह उच्च रक्तचाप में फायदेमंद होता है। आयुर्वेद और एलोपैथ दोनो में ही इसका इस्तेमाल ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए किया जाता है। मानसिक रोग, अनिद्रा, तनाव, पागलपन जैसी स्थितियों में भी यह उपयोगी है। पारंपरिक चिकित्सा में इसका सबसे असरदार और सबसे आम इस्तेमाल सर्पदंश की स्थिति में व्यक्ति को बचाने के लिए किया जाता रहा है। अनिद्रा के उपचार में इसका उपयोग दिनों-दिन बढ़ रहा है। *

**अवेयरनेस**

**सृजन अरोड़ा**

हमारे शरीर को कई मिनरल्स की निश्चित मात्रा में जरूरत होती है। उससे अधिक मात्रा शरीर में पहुंचने से कई सीरियस हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। सेलेनियम की अधिकता से होने वाले साइड इफेक्ट्स के बारे में जानिए।

## एलर्टनेस से पॉसिबल है सेलेनियम टॉक्सिसिटी से बचाव



पिछले दिनों महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले से आई खबर ने लोगों को हैरानी में डाल दिया। वहां करीब 400 लोगों के बाल अचानक तेजी से झड़ने लगे। यहां तक कि कुछ ही दिनों में गंजे होने की नौबत आ गई। यही नहीं कुछ समय बाद उन्हें हाथ-पैर के नाखून भंगुर होने, झड़ने या पूरे के पूरे निकलने की समस्या से भी दो-चार होना पड़ा। इसके पीछे मूल वजह सेलेनियम-रिच खाद्य पदार्थों के ज्यादा सेवन से शरीर में पैदा हुई सेलेनियम टॉक्सिसिटी थी।

**जरूरी है सेलेनियमः** सेलेनियम एक आवश्यक ट्रेस मिनरल है, जो शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जरूरी है। सेलेनियम शरीर में एंटीऑक्सिडेंट एंजाइम (जैसे ग्लूटाथियोन पेरोक्सिडेज) के रूप में कार्य करता है, जो कोशिकाओं को फ्री-रेडिकल्स की चपेट में आने या ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाता है। इसके अलावा सेलेनियम हृदय स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा प्रणाली, थायरॉइड हार्मोन, मेटाबॉलिज्म, डीएनए संश्लेषण, प्रजनन और ऑक्सीडेटिव क्षति और संक्रमण से सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**सेलेनियम के स्रोतः** चूंकि खाद्य पदार्थों में सेलेनियम प्रोटीन से बंधा होता है, इसलिए प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ सेलेनियम के सबसे अच्छे स्रोत होते हैं। ब्राजील नट्स, सी फूड्स, मीट, चिकन, अंडे सेलेनियम के समृद्ध खाद्य स्रोत हैं। अन्य स्रोतों में गेहूं, चावल जैसे अनाज और डेयरी उत्पाद शामिल हैं।



**कितनी मात्रा जरूरीः** सेलेनियम का सीमित मात्रा में सेवन करना जरूरी है। एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 55 माइक्रोग्राम सेलेनियम की जरूरत होती है। ज्यादा से ज्यादा 200 माइक्रोग्राम प्रतिदिन सेवन कर सकता है।

**क्या है सेलेनियम टॉक्सिसिटीः** सेलेनियम की अधिकता होने पर शरीर में विषाक्तता होने का खतरा रहता है, जिसे सेलेनियम टॉक्सिसिटी या सेलेनोसिस कहा जाता है। यह टॉक्सिसिटी आमतौर पर तब होती है, जब लोग सेलेनियम युक्त सप्लिमेंट्स का अत्यधिक सेवन करते हैं। अगर वे ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां मिट्टी और पानी में सेलेनियम की उच्च मात्रा होती है। अतिरिक्त सेलेनियम शरीर की कोशिकाओं में धीरे-धीरे जमा होने लगता है और शरीर के विभिन्न अंगों को नुकसान पहुंचाता है। सेलेनियम टॉक्सिसिटी दो प्रकार की हो सकती है।

**एक्यूट टॉक्सिसिटीः** यह तब होती है, जब बहुत अधिक मात्रा में सेलेनियम एक साथ शरीर में चला जाता है। मितली, उल्टी, पेट दर्द, दस्त, सांस लेने में तकलीफ और गंभीर मामलों में मृत्यु तक हो सकती है।

**क्रॉनिक टॉक्सिसिटीः** लंबे समय तक अधिक सेलेनियम के संपर्क में रहने से यह होती है। इसमें बालों और नाखूनों का झड़ना या टूटना, थकान, त्वचा पर चकत्ते, नाखूनों का रंग बदलना, तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी, चिड़चिड़ापन और त्वचा की सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या है कारणः** सेलेनियम टॉक्सिसिटी के कई कारण हो सकते हैं।

- सेलेनियम सप्लीमेंट्स का अधिक सेवन।
- सेलेनियम से दूषित पानी या मिट्टी से उगाए गए खाद्य पदार्थों का सेवन।
- उच्च सेलेनियम युक्त क्षेत्रों में रहना।
- औद्योगिक क्षेत्रों में सेलेनियम युक्त धातुओं या रसायनों का संपर्क।

**प्रमुख लक्षणः** सेलेनियम टॉक्सिसिटी के कुछ सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं- मितली, दस्त और उल्टी जैसी पेट संबंधी समस्याएं होना। बालों का पतला, कमजोर होकर झड़ना। ध्यान न देने पर गंजापन आना। नाखूनों में खराबी आना-टूटना, खुरदुरा होना, दरारें पड़ना, छिलना, टूटना, पूरा नाखून निकल जाना। त्वचा रूखी-बेजान, रैश या लालिमा, दाने, सूजन आना, जलन होना। मुंह से लहसुन जैसी गंध आना। बहुत ज्यादा थकान, कमजोरी और चिड़चिड़ापन का अनुभव होना। झनझनाहट, सिरदर्द, चक्कर आना और मानसिक भ्रम होना। सांस लेने में मुश्किल होना। गंभीर मामलों में अंगों का फेल होना और मृत्यु।

**कैसे होता है डायग्नोसिसः** डॉक्टर फिजिकल एग्जामिन करते हैं। ब्लड, यूरिन, बालों और नाखूनों के टेस्ट के जरिए सेलेनियम का स्तर मापा जाता है। लैब टेस्ट और इमेजिंग स्टडीज की जाती हैं।

खुदरा महंगाई में नरमी और वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी रही और चुनिंदा लिवाली से दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स जहां 182 अंक मजबूत हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी में 88 अंक से अधिक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा धातु तथा औद्योगिक शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 182.34 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर बंद हुआ।




### टाटा मोटर्स में गिरावट

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी और पावरग्रिड शामिल हैं।

### टाटा स्टील रहा लाभ में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 3.88 प्रतिशत का लाभ रहा। इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूरसंचार कंपनी एयरटेल का शेयर एक प्रतिशत चढ़ा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सरायकेला**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/SKELLA/01/2025-26**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरायकेला–खरसावाँ जिला के राजनगर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम–गामदेसाई में मांझी परगना हाउस निर्माण (Solar Power Plant)। | 2,97,21,900.00 | 5,94,500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.05.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 30.05.2025 से दिनांक 07.06.2025 को अपराहन 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सरायकेला।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सरायकेला।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431183167 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सरायकेला
PR 352419 (Rural Development)25-26*D

# सोना 650 रुपए टूटा चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 650 रुपये घटकर 96,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 700 रुपये घटकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। अबन्स फाइनेंशियल



सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, व्यापार तनाव कम होने से सोने की कीमतों में गिरावट जारी है, क्योंकि प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका के साथ व्यापार समझौते कर रही हैं।

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006,
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st call) (Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 02/CSIDC/E.E. Division-I/2025-26/ Raipur, dated 13.05.2025

Online tenders are invited in **Form-B Item rate basis, from "A" class Electrical license contractors'** Registered in D & Above class in new registration system **"Unified Registration System- (e-Registration)"** with Chhattisgarh P.W.D website https://eproc.cgstate.gov.in at appropriate class, for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Class of Contractor Eligible to Tender | Time allowed (including rainy season) | Estimated Cost (INR Lacs) | EMD (INR Rs.) | Cost of Tender Doc.(INR) including GST 18% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | External Electrification Work including Supply Installation Testing & Commissioning of 11/0.433 KV Transformer for Electricity Connection for Over Head tank, Pump House/Site Office at Industrial Area Selar Dist:- Bilaspur (C.G.) | Registered in D class in new registration system "Unified System- (e-Registration)" | 02 Month | 27.95 Lacs | 21,000/- | 1770/- |

The tender document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 13/05/2025 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited**, they may reach Helpdesk using 18002582502 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in. 2) Tenderer may contact to E.E., Div-I, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.

S-43845/1 **Executive Engineer, Division- I**

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

जीएम/बीएसपीआर/भू.रा./अमेरा/2025/2740 दिनांक 30.04.2025

**सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत अमेरा ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम परसोढ़ीकला के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएं यथाशीघ्र प्रारम्भ की जाएगी।

| क्रं | भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दि. 09.06.2001 | स्टेटमेंट 1ए के अनुसार भूमिस्वामी का नाम पिता का नाम/वर्तमान वारिश का नाम | रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम एवं भूमिस्वामी से सम्बंध | दस्तावेज | | नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | धनुप्रसाद आ. आगर साय रजवार | धनुप्रसाद आ. आगरसाय रजवार | स्वंय भूमिस्वामी | 1 | वंश वृक्ष | धनु प्रसाद पिता आगरसाय |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | धनु प्रसाद पिता आगर साय |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | धनु प्रसाद पिता आगरसाय |
| टीप- धनुप्रसाद प्रसाद पिता आगरसाय | | | | | | |
| 2 | सनियारो पुत्री बसन्त, कुवारी बेवार बसंत, जाति-धोबी | सनियारो पुत्री बसन्त, कुवारी बेवा बसंत, जाति-धोबी | नाम-अवधेश पिता का नाम-संतोष रजक भूमिस्वामी से संम्बध-सनियारो का पुत्र | 1 | वंश वृक्ष | अवधेश पिता संतोष रजक |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | अवधेश पिता संतोष राम |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | अवधेश पिता संतोष राम |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | अवधेश पिता संतोष रजक |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | सुमारी (सुमारी) बेवा बसंत राम |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | अवधेश पिता संतोष रजक |
| टीप- अवधेश के पिता-संतोष रजक एवं माता का नाम-सनियारो | | | | | | |
| 3 | मोहित, जीवनलाल आ. बुधु, सवागो पुत्री बुधु जाति-लोहार | मोहित, जीवनलाल आ. बुधु, सवागो पुत्री बुधु जाति-लोहार | नाम- धीर साय आ. पिता- मोहित राम भूमिस्वामी से संबन्ध-मोहित का पुत्र जाति-लोहार | 1 | वंश वृक्ष | धीर साय पिता मोहित |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | धीर साय पिता मोहित राम |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | धीर साय पिता मोहित राम |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | धीर साय पिता मोहित राम |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | धीर साय पिता मोहित राम |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | धीर साय पिता मोहित विश्वकर्मा |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | धीर साय विश्वकर्मा पिता मोहित राम |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | धीर साय आ. मोहित राम |
| टीप- धीर साय पिता का नाम- मोहित आ. बुधु | | | | | | |
| 4 | नाम साय, फुलसाय आ. अमरसाय, जाति गोड़ | नाम साय, फुलसाय आ. अमरसाय, जाति गोड़ | नाम- तिकेश कुमार श्याम पिता का नाम- फुलसाय श्याम भूमिस्वामी से संबन्ध-फुलसाय का पुत्र | 1 | वंश वृक्ष | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | टिकेश कुमार पिता फूल साय श्याम |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | तिकेश कुमार श्याम पिता फुलसाय श्याम |
| टीप- तिकेश कुमार श्याम पिता-फुलसाय श्याम आ. अमरसाय | | | | | | |
| 5 | रुपधारण आ. उत्तम, सविसिया पुत्री उत्तम, जुगरी बेवा उत्तम रजवार | रुपधारण आ. उत्तम, सविसिया पुत्री उत्तम, जुगरी बेवा उत्तम रजवार | नाम- अमरेश राम पिता का नाम- रूपधारण राम भूमिस्वामी से संम्बध- रुपधारण का पुत्र नाम- संतोष कुमार रजवाड़े पिता का नाम- हीरा राम भूमिस्वामी से संम्बध- सविसिया का पुत्र | 1 | वंश वृक्ष | अमरेश राम पिता रुपधारण |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | अमरेश राम पिता रुपधारन राम |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | अमरेश राम पिता रुपधारन राम |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | अमरेश राम पिता रुपधारन राम |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | अमरेश राम पिता रुपधारन राम |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | अमरेश राम पिता रुपधारण राम |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | अमरेश राम पिता रुपधारण राम |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | अमरेश राम पिता रुप धारण राम |
| टीप- अमरेश राम पिता का नाम- रुपधारण राम आ. उत्तम | | | | | | |
| 6 | रुपधारण आ. उत्तम, सविसिया पुत्री उत्तम, जुगरी बेवा उत्तम रजवार | रुपधारण आ. उत्तम, सविसिया पुत्री उत्तम, जुगरी बेवा उत्तम रजवार | नाम- संतोष कुमार रजवाड़े पिता का नाम-हीरा राम भूमिस्वामी से सम्बध-सविसिया का पुत्र | 1 | वंश वृक्ष | संतोष कुमार रजवाडे पिता रुपधारण |
| | | | | 2 | निवास प्रमाण पत्र | संतोष कुमार राजवाडे पिता हीरा राम राजवाडे |
| | | | | 3 | जाति प्रमाण पत्र | संतोष कुमार राजवाडे पिता हीरा साय राजवाडे |
| | | | | 4 | शिक्षा प्रमाण पत्र | संतोष कुमार राजवाडे पिता हीरा राम राजबाड़े |
| | | | | 5 | रोजगार प्रमाण पत्र | संतोष कुमार राजवाडे पिता हीरा राम राजबाड़े |
| | | | | 6 | मतदाता परिचय पत्र | संतोष राजवाडे पिता हीरा राम राजबाड़े |
| | | | | 7 | राशन कार्ड | संतोष कुमार पिता हीरा राम |
| | | | | 8 | आधार कार्ड | संतोष राजवाडे आ. हीरा साय, |
| टीप-संतोष राजवाड़े पिता का नाम- हीरा साय, आ. उत्तम | | | | | | |

किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्र के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नही होगी और न ही स्वीकार किया जायेगा। यह भी कि प्रस्तुत आधार दस्तावेज के आधार पर ही प्रकरण का ही नियमानुसार किया जायेगा।

SECL/25-26/36 नोडल अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, बिश्रामपुर क्षेत्र

**कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं बलौदाबाजार (छ.ग.)**
ई-मेल-nagarsenabalodabazar@gmail.com फोन 07727-299404

**सूचना**

**छत्तीसगढ़ नगर सेना विभाग के रायपुर संभाग के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले हेतु 55 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) के रिक्त पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना**

नगर सेना विभाग के रायपुर संभाग के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 55 महिला नगर सैनिक (छात्रावास ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा संभागीय केन्द्र रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in/ पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर जाकर पंजीयन करना अनिवार्य है। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथी डालकर अभ्यर्थी छ.ग. व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं सबमिट नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा नगर सेना विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है लिखित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | व्यापम वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि | 16.04.2025 (बुधवार) |
| 2 | व्यापम वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि | 30.05.2025 (शुक्रवार) शाम 05 बजे तक |
| 3 | परीक्षा की संभावित तिथि | 22.06.2025 (रविवार) |
| 4 | परीक्षा का समय | पूर्वान्ह (02 घण्टे) |
| 5 | प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | 13.06.2025 (शुक्रवार) |
| 6 | परीक्षा केन्द्र | रायपुर |

जिला सेनानी नगर सेना
एवं जिला अग्निशमन अधिकारी,
बलौदाबाजार
G-252600852/1

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गरियाबंद (छ.ग.)**
E-mail Id- actd.gariaband.cg@nic.in phone No. 07706-241439

कमांक/529/आदि.वि./सीधी भर्ती/2025 गरियाबंद, दिनांक 13/05/2025

**// सूचना //**

जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा डाटा एंट्री ऑपरेटर (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग) के 02 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु कुल 20 अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा दिनांक 22.05.2025 (दिन - गुरूवार) को पूर्वान्ह 12.00 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज, देवभोग रोड गरियाबंद में आयोजित किया गया है।

उक्त आयोजित कौशल परीक्षा के विस्तृत सूचना पत्र का अवलोकन जिला कार्यालय गरियाबंद के सूचना पटल एवं गरियाबंद जिले की आधिकारिक वेबसाईट https://gariaband.gov.in/ में किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को डाकघर के माध्यम से सूचना पत्र प्रेषित नहीं किया जा रहा है। अतः अभ्यर्थी / आवेदक नियमित रूप से जिले के वेबसाईट का अवलोकन करते रहें ताकि चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर से वंचित न हो।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास गरियाबंद
G-252600845/2

**CHHATTISGARH ENVIRONMENT CONSERVATION BOARD**
Paryavas Bhawan, Sector - 19,
Nava Raipur Atal Nagar, Raipur (C.G.) 492002
Email address - hocecb@gmail.com

Nava Raipur Atal Nagar, Date: 15/05/2025
RFP. No. 01/HO/CECB/SCI/CS/E-Tender/2025-26

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

Chhattisgarh Environment Conservation Board invites proposal for **"Selection of Agency for Design, Supply, Installation and Maintenance of Lab Furniture for Central Environmental Laboratory in Nava Raipur Atal Nagar, Raipur"** on or before 03:00 PM IST, 16/06/2025 from eligible organizations through E-tender. The selection of organization/agency shall be done by the committee constituted by the Board. Scope of Work and detailed Terms of Reference (TOR) may be downloadedfrom http://eproc.cgstate.gov.in and http://www.enviscecb.org.

Member Secretary
Chhattisgarh Environment
Conservation Board Nava
Raipur Atal Nagar, Raipur (C.G.)
S-43844/1

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 01,02,03,04/ वलेलि/2025-26 जगदलपुर,
दिनांक 13/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। **अमानत राशि रू. 1.50 लाख।**

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 168060 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के कोयनार स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 290.63 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 168061 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के विश्रामपुरी जलाशय में बांध के ऊपर मिट्टी कार्य, नवीन स्लूस वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 293.88 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 168062 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के पेदापारा (मण्डवा) स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 292.95 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 168064 | बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के बड़े आरापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 289.67 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि- 20.05.2025 17:31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि- 30.05.2025 17:30 Hours

**रिमार्कः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20.05.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.
G- 252600848/3

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एसईसीएल/म.प्र./भू–राजस्व/2025/137 दिनांक 28.04.2025

**आवश्यक सूचना**

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के प्रस्तावित अंबिका ओपन कॉस्ट परियोजना के ग्राम – करतली के प्रभावित भू–विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 01 भू–विस्थापितों/नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार हैः–

| क्र. | घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम/पिता का नाम | अर्जित खसरा नं. | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम/पिता का नाम नामांकन फार्म में | संबंध | सीबीए स्टेटमेंट V | बी-1 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | पी-2 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | सहमति/शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 435 | रमेश कुमार पिता घासीराम, उषा, पुष्पा, लता पिता घांसीराम, ना.बा. अनिता, ना.बा. परवीता पिता घांसीराम बलीमाँ मनटोरा बे. घांसीराम, मानिकराम पिता तुलसी, केचरा, मटिया पिता तुलसी | 624/5 | 0.93 | रमेश कुमार कुर्पे | स्वयं | रमेश कुमार पिता घासीराम, उषा, पुष्पा, लता, अनिता, प्रमिला/घसिया, बालिमा मनटोरा पत्नी घासीराम, मालिक राम, केवारा, मटिया/तुलसी | रमेशकुमार व. घंसिया, उषा, पुष्पा, लता, ना.बा. परमिता व. घंसिया मनटोरा बेवा घसियाराम मालिकराम व. तुलसीराम केचरा मटिया व. तुलसी, | रमेशकुमार पि. घासीराम, उषा, पुष्पा, लता पिता घासीराम ना.बा. अनिता ना.बा. परबिता पिता घांसीराम, बलीमा, मनटोरा बे. घांसीराम मालिकराम पिता तुलसी केचरा मटिया पी. तुलसी | रमेश कुमार कुर्पे | मनटोरा बाई बेवा घांसीराम, उषा, पुष्पा, लता, अनिता, परवीता पिता घांसीराम मालिकराम, केचरा, मटिया पिता तुलसी, रमेश कुमार पिता घांसीराम, देवकुमारी पिता स्व. घांसीराम, सविता पिता स्व. घांसीराम, गीता बाई पिता स्व. तुलसी | तुलसी पिता बढ़ई, घासीराम, केचरा, मटिया, मालिकराम पिता तुलसी, उषा, पुष्पा, देव कुमारी, रमेश, अनिता, सविता पिता घांसीराम | रमेश कुमार कुर्पे आत्मज घासीराम कुर्पे, उषा बाई पति पराग, पुष्पा पति नरेन्द्र कुमार, देव कुमारी जगत पति राज कुमार जगत, अनीता आत्मजा घसियाराम, सविता पिता घासीराम, कचरा बाई पति कुमार सिंह, गीता बाई पति सगुन सिंह | रमेश कुमार पिता घासीराम | रमेश कुमार पिता घासीराम | रमेश कुमार कुर्पे |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू–स्वामियों द्वारा रोजगार हेतु नामित उम्मीदवार के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय–सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

महाप्रबंधक, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र

# जडेजा ने टेस्ट में रचा इतिहास, सबसे अधिक 1152 दिनों से नंबर-1 ऑलराउंडर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट फैंस की जहां एक तरफ नजरें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए घोषित होने वाली स्क्वाड पर टिकी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में एक नया इतिहास रचने का काम किया है।

भारतीय दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचते हुए 1152 दिनों से दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बने हुए हैं। रवींद्र जडेजा जिनकी गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के तीनों ही फॉर्मेट के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर प्लेयर्स में की जाती है वह पिछले काफी लंबे समय से टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हैं। जडेजा इसी के साथ अब नंबर-1 के पायदान पर इतने समय तक रहने वाली वर्ल्ड क्रिकेट के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### नंबर-1 की पोजीशन बरकरार

रवींद्र जडेजा ने साल 2022 में 9 मार्च को जारी की गई आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन को हासिल किया था, जिसके बाद अब तक 1152 दिन होने के बाद उन्होंने इस स्थान पर अपने कब्जे को बरकरार रखा हुआ है।

### जडेजा के 400 रेटिंग अंक

अभी आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर प्लेयर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 400 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ पहले नंबर पर काबिज हैं तो वहीं उनके बाद दूसरे नंबर पर बांग्लादेश के खिलाड़ी मेहंदी हसन मिराज हैं जिनके नाम 327 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। ऑलराउंडर प्लेयर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा अभी एकमात्र ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जो टॉप-10 में हैं उसके बाद सीधे 12वें नंबर पर 220 रेटिंग प्वाइंट के साथ अक्षर पटेल का नाम है।




### बनाए 3370 रन और झटके 323 विकेट

रवींद्र जडेजा के अभी तक के टेस्ट कॅरियर को देखा जाए तो उन्होंने 80 टेस्ट मैचों में 34.74 के औसत से 3370 रन बनाएं हैं। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने 24.14 के औसत से 323 विकेट हासिल किए हैं। वहीं रवींद्र जडेजा ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाई है जिसमें वह नंबर-9 की पोजीशन पर पहुंच गए हैं, जिसमें उनके 220 रेटिंग प्वाइंट हैं।

### शीर्ष ऑलराउंडर

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | रविंद्र जडेजा | भारत | 400 |
| 2 | मेहदी हसन | बांग्लादेश | 327 |
| 3 | मार्को जेनसन | द.अफ्रीका | 294 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 271 |
| 5 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 253 |
| 6 | जेसन होल्डर | वेस्ट इंडीज | 249 |
| 7 | जो रूट | इंग्लैंड | 247 |
| 8 | गस एटकिंसन | इंग्लैंड | 240 |
| 9 | बेन स्टोक्स | इंग्लैंड | 235 |
| 10 | क्रिस वोक्स | इंग्लैंड | 225 |

## खबर संक्षेप



### फ्रेसर की जगह रहमान दिल्ली टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के जैक फ्रेसर मैकगुर्क की जगह बांग्लादेश के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये टीम में शामिल गया। भारत पाक तनाव के बीच लीग स्थगित होने के बाद स्वदेश लौट चुके मैकगुर्क बाकी मैचों के लिये वापिस नहीं आएंगे। फ्रेसर मैकगुर्क के नहीं खेलने से दिल्ली की टीम पर असर नहीं पड़ेगा क्योंकि पहले छह मैच में औसत प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई। मिचेल स्टार्क के नहीं आने पर भी मुस्ताफिजूर डैथ ओवरों में काम आ सकते हैं।

### कोहली के बिना नीरस होता टेस्ट क्रिकेटः वॉन

**लंदन।** टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से स्तब्ध इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट के लिए उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया



जितना भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वॉन ने अपने कॉलम में लिखा, 'टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं दुखी हूं कि अब विराट कोहली को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'

### आईएलटी20 का चौथा सत्र दो दिसंबर से होगा शुरू

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग का चौथा सत्र दो दिसंबर से शुरू होगा। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। यह लीग चार जनवरी 2026 तक चलेगी। आम तौर पर यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है लेकिन अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप होना है।

### 17 मई से दोबारा शुरू होगा आईपीएल का 18वां सीजन

# आईपीएल में अब हर टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट की एंट्री, पर नहीं होंगे रिटेन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल में अब तक के नियमों के मुताबिक, टीमें किसी खिलाड़ी के बीमार या चोटिल होने की स्थिति में ही रिप्लेसमेंट साइन कर सकती थीं, वो भी सीजन के 12वें मैच तक, लेकिन अब लीग ने अपने नियमों में बदलाव किया है। इससे टीमें पूरे बचे हुए सीजन के लिए अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी ले सकती हैं। वहीं आईपीएल ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि लीग के निलंबन के बाद जो भी खिलाड़ी अस्थायी रूप से टीमों में शामिल होंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकेगा।

आईपीएल का 18वां सीजन शनिवार से दोबारा शुरू होगा। इससे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के कारण लीग को स्थगित कर दिया गया था। नई तारीखों की वजह से कुछ खिलाड़ियों का शेड्यूल टकरा गया है। हालांकि ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी भारत लौट आए हैं, लेकिन कुछ ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। इनमें दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर- मैकगर्क और चेन्नई सुपर किंग्स के जेमी ओवरटन शामिल हैं।



### आईपीएल रिप्लेसमेंट का नियम

आईपीएल में नियम इसलिए लाया गया है, ताकि फ्रेंचाइजी टीमें नीलामी की प्रक्रिया को चकमा देने के लिए जानबूझकर अस्थायी खिलाड़ियों को न साइन करें। आईपीएल ने एक आधिकारिक नोट में फ्रेंचाइजियों को बताया कि उन्होंने रिप्लेसमेंट से जुड़े नियमों की दोबारा समीक्षा की है। लीग ने कहा कि अगर कोई विदेशी खिलाड़ी देश की जिम्मेदारियों, निजी कारणों या फिर चोट या बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं हो पाता, तो टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों के लिए टीमें अस्थायी रिप्लेसमेंट ले सकती हैं। लेकिन शर्त ये है कि अब से जो भी अस्थायी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी साइन किए जाएंगे, उन्हें रिटेन नहीं किया जा सकता। उन्हें 2026 की आईपीएल नीलामी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### ये खिलाड़ी हो सकते हैं रिटेन

आईपीएल ने ये भी साफ किया कि लीग के निलंबन से पहले जो रिप्लेसमेंट साइन हुए थे, वे अगले सीजन के लिए रिटेन किए जा सकते है। निलंबन से 48 घंटे पहले चार खिलाड़ियों को रिप्लेसमेंट के रूप में साइन किया गया था। इनमें सेदिकुल्लाह अटल (दिल्ली), मयंक अग्रवाल (बेंगलुरु), लुहान डिप्रीटोरियस और नांद्रे बर्गर (राजस्थान) शामलि हैं।

### द.अफ्रीकी खिलाड़ी नहीं खेलेंगे आईपीएल प्लेआफ

**जोहानिसबर्ग।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये चुने गए दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर आईपीएल प्लेआफ से बाहर रह सकते हैं क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड का स्पष्ट रूख है कि लीग से ऊपर देश के लिये खेलने को रखना होगा। बीसीसीआई ने सोमवार को पुष्टि की कि आईपीएल 17 मई से शुरू होगा और फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। संशोधित कार्यक्रम ने आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के उन क्रिकेटरों को दुविधा में डाल दिया है जिन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना है। फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई ने विदेशी बोर्ड से उनके खिलाड़ियों को लीग के बाकी मैचों में उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सीएसए ने हालांकि दोहराया है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां उसकी प्राथमिकता है। सीएसए के राष्ट्रीय टीम और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोक एनक्वे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह व्यक्तिगत फैसला है कि उन्हें लीग खेलने लौटना है या नहीं। एक बात हमने साफ कर दी है कि हम बीसीसीआई और आईपीएल से बात कर रहे हैं लेकिन डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों का कार्यक्रम यथावत रहेगा।'

## टेस्ट संन्यास

# नहीं घटेगा रोहित-कोहली का कद ए+ ग्रेड से मिलेंगे सात करोड़ रुपए




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भी केंद्रीय अनुबंध में इन दोनों खिलाड़ियों का ग्रेड नहीं घटेगा। इसे लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जानकारी दी है। रोहित और कोहली लंबे समय तक भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उन्हें हाल ही में जारी बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में ए प्लस वर्ग में रखा गया था।

रोहित और कोहली ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले एक सप्ताह के अंदर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। यह दोनों खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे। हालांकि, सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बाद उनका केंद्रीय अनुंबध का ग्रेड घटाया नहीं जाएगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने यह जानकारी दी है। सैकिया ने कहा, भले ही रोहित और कोहली ने टी20 के बाद टेस्ट से भी संन्यास का एलान कर दिया है, लेकिन वे अभी भी भारतीय क्रिकेट का हिस्सा हैं, इसलिए इन दोनों को केंद्रीय अनुबंध के ग्रेड ए प्लस की सुविधा मिलती रहेगी।

### 34 खिलाड़ी अनुबंधित

बीसीसीआई ने पिछले महीने साल 2024-2025 के लिए खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की सूची का ऐलान कर दिया था। इस लिस्ट में कुल 34 खिलाड़ी हैं। चार खिलाड़ियों को ए+ ग्रेड में रखा गया जिसमें रोहित और कोहली भी शामिल थे। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की ए+ श्रेणी में बरकरार रखा गया था।

### ग्रेड ए+ को मिलते हैं सालाना 7 करोड़ रुपए

बीसीसीआई ए+ ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपए देता है, जबकि ए ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को पांच करोड़ और बी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को तीन करोड़ और सी ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये देता है। बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह मिलती है जो एक साल के अंदर कम से कम तीन टेस्ट, आठ वनडे या 10 टी20 मैच जरूर खेले हों।

■ पहलगाम हमला : हॉकी इंडिया कर रहा सरकार के परामर्श का इंतजार

# पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जाएगा। मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है।

# महिला वनडे रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर बरकरार, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| दुबई

त्रिकोणीय श्रृंखला में जीत की बदौलत भारत को बुधवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में आठ अंक का फायदा हुआ जिससे उसने अपने और दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के बीच के अंकों के अंतर को कम किया।

दूसरे स्थान पर मौजूद भारत के अब 121 रेटिंग अंक है और वह इंग्लैंड से सिर्फ छह अंक पीछे है। सात बार का विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 167 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अपडेट के बाद अब उसकी बढ़त 44 से घटकर 40 अंक की रह गई है। शीर्ष छह टीम की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें न्यूजीलैंड (96), दक्षिण अफ्रीका (90) और श्रीलंका (82) भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका को नवीनतम रैंकिंग में नौ रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है लेकिन इसके बावजूद टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है।


## साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जीएम / कोरबा / भू.रा. / 25 / 138 दिनांक 28.04.2025

### सूचना

एसईसीएल कोरबा के प्रस्तावित सराईपाली ओपन-कॉस्ट परियोजना के ग्राम-बुडबुड के प्रभावित भू-विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें से निम्नलिखित 02 भू-विस्थापितों / नामांकित व्यक्तियों के नाम में अंतर पाया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है :-

| क्रं | संशोधित घटते क्रम की सूची क्रमांक | खातेदार का नाम / पिता का नाम | अर्जित खसरा नं | अर्जित रकबा (एकड़) | नामांकित व्यक्ति का नाम / पिता का नाम नामांकन फार्म में | संबंध | एल.ए. / सीबीए स्टेटमेंट V | बी-1 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | पी-2 (वर्ष 2010-11 से 2014-15) | नामांकन फार्म में खातेदार का नाम | सहमति पत्र / शपथ पत्र | वंशवृक्ष | आधार कार्ड | जाति प्रमाण पत्र | निवास प्रमाण पत्र | शैक्षणीक योग्यता प्रमाण पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | बुधवार सिंह / बलराम सिंह | 123 / 2 129 / 2 254 / 2 308 / 2 350 / 1 420 424 / 4 433 | 3.25 | अजय कुमार / कलेश्वर प्रसाद | पोता | बुधवार सिंह पिता बलराम सिंह | बुधवार सिंह पिता बलराम सिंह | बुधवार सिंह पिता बलराम सिंह | बुधवार सिंह / बलराम सिंह | जागेश्वर प्रसाद,कलेश्वर प्रसाद पिता श्री बुधवार सिंह,गंगामती पति स्व. बुधवार, जागेश्वर प्रसाद कलेश्वर प्रसाद पिता स्व. बुधवार, ना.बा. विजय कुमार, ना.बा. जयंती, अजय कुमार पिता श्री कलेश्वर प्रसाद | बलराम सिंह पिता रामाधीन, किताब सिंह, बुधवार सिंह पिता बलराम सिंह, गंगामती पति बलराम सिंह, जागेश्वर प्रसाद, कलेश्वर प्रसाद पिता बुधवार सिंह, अजय कुमार, विजय कुमार, जयंती कुमारी पिता कलेश्वर प्रसाद | बुधवर बिन्झवार आत्मज बलराम बिन्झवार, गंगा मती अर्धागिनी बुधवार, जागेश्वर प्रसाद आत्मज बुधवार कलेश्वर प्रसाद, आत्मज बुधवार,विजय कुमार आत्मज कलेशवर प्रसाद, जयंती आत्मज कलेशवर प्रसाद, दीपक बाई बीन्झवार अर्धागिनी कलेशवर प्रसाद बीन्झवार | अजय कुमार पिता कलेश्वर प्रसाद | अजय कुमार पिता कलेश्वर प्रसाद | अजय कुमार पिता कलेशवर प्रसाद |
| 2 | 213 | शिवचरण बनउ / बैसाखु | 283 / 3क | 0.65 | विनय कुमार पिता पंचराम | पोता | शिवचरण ,बनऊ पिता बैसाखु | शिवचरण, बनऊ पी. बैसाखू, सोनकुँवर बेवा बैसाखू | शिवचरण, बनऊ पि. बैसाखू | शिवचरण / बनउ / बैसाखू | पंचराम पिता श्री शिवचरण, जेठिया बाई पति शिवचरण, जेठिया बाई पति शिवचरण श्यामलाल पिता बनउ, पुन्नी बाई पति सुद्धधू, अघनिया बाई पति सुनालाल, प्रशांत कुमार, यशोदा पिता पंचराम, जेठिया बाई पति स्व. शिवचरन पंचराम, अघनिया बाई पुन्नी बाई पिता स्व. शिवचरन, श्यामलाल पिता स्व. बनउ, विनय कुमार पिता पंचराम | शिवचरण, बनउ पिता बैसाखू, जेठिया बाई पति बैसाखु, पंचराम, अघनिया बाई पुन्नी बाई पिता शिवचरण,श्यामलाल पिता बनउ, विनय कुमार, यशोदा, प्रशांत पिता पंचराम, झूलबाई पति पंचराम | विनय कुमार आत्मज पंचराम, पंचराम बिंझवार आत्मज शिवचरण बिंझवार पुन्नी बाई अर्धागिनी सुद्धधू, श्यामलाल बिंझवार आत्मज बनउ बिंझवार अघनिया बाई अर्धागिनी सुनालाल | विनय कुमार पिता पंचराम | विनय कुमार पिता पंचराम बिंझवार | विनय कुमार पिता पंचराम बिंझवार |

उपरोक्त वर्णित नामों के अंतर एवं भू-स्वामियों द्वारा रोजगार हेतु नामित उम्मीदवार के संदर्भ में यदि किसी को आपत्ति है तो अपनी आपत्ति प्रकाशन तिथि के सात (07) दिवसों के अंदर इस कार्यालय को सूचित करें। समय-सीमा समाप्त होने पर किसी प्रकार की आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

SECL/25-26/38

महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र



## FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर/शंकर नगर, भिलाई एवं बिलासपुर शाखा** द्वारा 30.05.2025 या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| अमित ताम्रकार | 19456400014596, 19456100029407, 19456400018233 |
| अमरप्रीत कौर भाटिया | 19456400018944 |
| अधिर कक्कड़ | 19456400019272, 19455600002237, 19456400019249 |
| पारितोष नंदी | 19456400013820 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30 मई 2025 को की जाएगी।**
**रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492007, फोन नं. 07712422900**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| युगल किशोर | 25036400001884, 25036400002510 |
| मोहन लाल देशमुख | 25036400000589 |
| अंजू गहलोत | 25036400002445 |
| शंभू सिंह गहलोत | 25036400002437 |
| विजयंत अवस्थी | 25036400002270 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30 मई 2025 को की जाएगी।**
**भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490023**

| खाताधारक का नाम | स्वर्ण ऋण खाता क्र. |
|---|---|
| आयुष शर्मा | 16666400043683 |
| गुरूचरण सिंह राजपाल | 16665600002259, 16666400045175, 16666400047478, 16666400047486 |
| के. जयम्मा | 16665600002333 |
| मनीषा त्रिपाठी | 16666400049417 |
| नरेश कुमार संडे | 16665600002481 |
| निकेत सिंह | 16665600002408 |
| निशा जैन | 16665600002440 |
| प्रदीप कुमार अहिरवार | 16665600002507 |
| प्रखर मिश्रा | 16666400046892 |
| प्रवीण कुमार गुप्ता | 16666400039160 |
| रवि चंद्रसेन | 16665600002523 |
| रविकांत तिवारी | 16665600002432, 16666100009406,16666400045571 |
| ऋषि छाबड़ा | 16665600002515 |
| रोनिता जीवनानी | 16665600002531 |
| रूपा दिवाकर | 16666400048385 |
| संतोष भीमनानी | 16666400048625 |
| सत्या प्रसाद गेंदले | 16665600002473 |
| शत्रुहन सतनामी | 16665600002358, 16666400044954 |
| सुरेश कुमार साहू | 16666400045621 |
| थोता रवि कुमार | 16665600002143 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30 मई 2025 को की जाएगी।**
**बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462**



# म्यूल अकाउंट में सख्ती के बाद सटोरिये गोल्ड में रकम कन्वर्ट कर ऊपर भेज रहे

**हरिभूमि न्यूज/ रायपुर।** म्यूल अकाउंट को लेकर रेंज साइबर पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस सख्ती बरत रही है। इसके कारण अवैध रूप से संचालित महादेव सहित अन्य ऑनलाइन सट्टे की रकम ऊपर भेजने के लिए गोल्ड का सहारा लिया जा रहा है। पैनल ऑपरेटर सट्टे की रकम गोल्ड में कन्वर्ट कर सट्टा संचालित करने वाले सट्टा संचालकों के निर्देश पर संबंधित ठिकाने तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रहे हैं। सट्टे की रकम गोल्ड में ट्रांसफर कर भेजना मनी लांड्रिंग की श्रेणी में आता है। गजानन सट्टा एप संचालित करने के आरोप में क्राइम ब्रांच तथा तिल्दा पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वहां के पार्षद नंदू लालवानी तथा उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। नंदू तथा उसके बेटे का बैंक अकाउंट पासबुक जब्त कर जांच में ले लिया है। साथ ही नंदू और उसके बेटे का पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल तथा कम्प्यूटर हार्ड डिस्क को जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक गजानन सट्टा एप को भी महादेव ग्रुप ने टेक ओवर कर लिया है।

## महादेव सट्टा एप संचालित करने के आरोप में तिल्दा का पार्षद तथा उसका बेटा गिरफ्तार

### गिरफ्तार सटोरियों का लिंक दुबई से लेकर पाकिस्तान तक

पुलिस ने तिल्दा में सट्टा संचालित करने के आरोप में जिस पार्षद को गिरफ्तार किया है, उसका लिंक दुबई से लेकर पाकिस्तान तक होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में अभी अधिकृत तौर पर कुछ भी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने नंदू लालवानी के नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

### दो वर्ष पूर्व मारपीट में नाम आ चुका है

दो वर्ष पूर्व सट्टे की रकम को लेकर तिल्दा में मारपीट की घटना हुई थी। उस मामले में पार्षद का नाम सामने आया था। पुलिस ने तब नंदू को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। मारपीट की घटना के बाद नंदू पुलिस के निशाने पर था। पार्षद द्वारा सट्टा संचालित किए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।




### म्यूल अकाउंट कम होने का दावा

पुलिस ने पिछले पांच महीने में छह हजार से ज्यादा अलग-अलग बैंकों में खुले म्यूल अकाउंट बंद कराया है। साथ ही चार सौ से ज्यादा म्यूल अकाउंट के खाताधारकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि फ्रीज कराई है। सख्ती को देखते हुए ऑनलाइन सट्टा का कारोबार करने वाले रकम ट्रांसफर करने अलग-अलग जुगाड़ कर रहे हैं।

### गोल्ड ट्रांसफर करना आसान उपाय

सट्टे की रकम को गोल्ड में ट्रांसफर कर भेजना पैनल ऑपरेटरों के लिए काफी आसान है। पैनल ऑपरेटर अलग-अलग नामों से ज्वेलर्स के यहां से गोल्ड खरीदकर पक्के में बिल हासिल कर सट्टा संचालकों तक भेजने की व्यवस्था कर रहे हैं। रकम को गोल्ड में ट्रांसफर कर भेजने से पुलिस का रिस्क कम हो जाता है। पक्के का बिल होने की वजह से पुलिस किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर पाती।

### हर तरह की कार्रवाई कर रही

ऑनलाइन सट्टा रोकने पुलिस हर तरह की कार्रवाई कर रही है। साथ ही सट्टे की रकम ट्रांसफर करने की हर कड़ी को तोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में म्यूल अकाउंट फ्रीज कराने के साथ म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

\- संदीप मित्तल, एएसपी क्राइम

## खबर संक्षेप

### गुपचुप तरीके से जमीन बेच रही चिटफंड कंपनी

राजनांदगांव। चिटफंड कंपनी सत्गुरू सांई सिविल कंट्रक्शन लिमिटेड के खिलाफ शिकायत लेकर आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों से निवेदक कोतवाली थाना पहुंचे और कंपनी के डायरेक्टरों द्वारा गुपचुप तरीके से जमीन बेचे जाने को लेकर शिकायत की। वहीं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जमीन बिक्री पर रोक लगाने और निवेशकों के पैसे लौटाने की मांग की।






### नकाबपोशों को गिरफ्तार करने पुलिस ने बनाई कई टीमें

# ज्वेलरी शाप में हुई फायरिंग की घटना का वीडियो फुटेज आया सामने, घटना में ज्वेलर्स और उसकी बेटी घायल

ज्वेलरी शाप में घुसकर नकाबपोश युवकों द्वारा एयरगन से फायरिंग करने की घटना का सीसीटीवी वीडियो फुटेज सामने आया है। वहीं सराफा एसोसिएशन व चेंबर आफ कॉमर्स ने एसपी को ज्ञापन देकर नकाबपोशों की गिरफ्तारी की मांग की है।मंगलवार की रात्रि नेशनल हाईवे पर वेयर हाउस के सामने स्थित बरडिया ज्वेलर्स में दो अज्ञात नकाबपोश युवकों ने शटर उठाकर प्रवेश किया। इस दौरान ज्वेलरी शाप का संचालक भंवरलाल बरडिया उम्र 58 वर्ष भीतर बैठा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नकाबपोशों ने दुकान में घुसते ही सराफा व्यवसायी पर हमला बोल दिया और उसे घायल कर दिया। व्यापारी के चिल्लाने पर उसकी बेटी नैना बरडिया दुकान में पहुंची। नकाबपोश युवकों ने एयरगन से उस पर भी फायरिंग कर दी। एयरगन से निकला छर्रा नैना के पैर में लगा। फायरिंग करने के बाद नकाबपोश वहां से भाग गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल पहुंचाया गया। बुधवार को घायल नैना को रायपुर रिफर किया गया, वहीं घायल सराफा व्यवसायी का उपचार जारी है। घटना के बाद एसपी, एएसपी, साइबर सेल, फोरेंसिक, डाग स्क्वायड समेत कोतवाली पुलिस की सभी सेल घटनास्थल पहुंची और बारीकी से जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई गई

पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की रात्रि हुई घटना को लेकर व्यापारीजन आवेदन लेकर आये हैं। पुलिस की सभी सेल ने घटनास्थल का मुआयना किया। सभी एंगल से जांच की रही है। नकाबपोशों द्वारा किसी तरह की लूट नहीं की गई है। घटना में पिता व पुत्री घायल हुई है। जांच के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई गई है। वहीं घटना को लेकर आसपास के जिलों से भी संपर्क किया गया है। आरोपियों के स्थानीय या बाहरी होने की बात कह पाना अभी जल्दबाजी होगी।

### चेंबर ने एसपी को सौंपा ज्ञापन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



### सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश कैद

सोने चांदी की दुकान में हुई फायरिंग की घटना का सीसीटीवी वीडियो फुटेज सामने आया है। जिसमें हरा नीला कलर का इनर व काले रंग का लोवर पहने व चेहरा पर नकाब लगाया युवक हाथ में एयरगन के साथ पहले प्रवेश किया। उसके पीछे सफेद कलर का इनर, ब्लैक कलर की लोवर साइड में थैला लटकाये व हाथ में एयरगन लेकर आया। काउंटर से कूदकर भीतर बैठे सराफा व्यवसायी पर दोनों नकाबपोश एयरगन से ताबड़तोड़ हमला शुरु कर दिया, जिससे व्यवसायी घायल हो गया। इसके बाद भी व्यवसायी नकाबपोशों को पकड़ने परिवारजनों को आवाज लगाते पीछे गया। नकाबपोशों ने फिर उस पर हमला किया। उसकी बेटी पहुंची तो उस पर एयरगन से फायरिंग की गई।

### फ्लैट के नाम पर 4.50 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

भिलाई। फ्लैट के नाम पर ठगी करने वाले कीर्ति विश्वनाथ और वी.निरंजना के खिलाफ धारा 318 (4),3(5) बीएनएस के तहत पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी ठेकादार प्रवीण कुमार सोनी ने शिकायत किया है कि कीर्ति विश्वनाथ और वी.निरंजना दोनों ने फ्लैट 204 लोटस आरकेड जुनवानी स्मृति नगर का अपने फ्लैट बिक्री कर रहे है। तब पीड़ित ने दोनों से संपर्क कर 7 सितंबर 2024 को मकान खरीदने को लेकर आरोपियों से 14 लाख रुपए में फ्लैट को लेकर सौदा हुआ था।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com